RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 फिर धमाल मचाएंगी अनन्या...

वर्ष : 26 | अंक : 269 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक

### क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी का दिख रहा है ऐड






**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश की सर्वोच्च न्यायालय की सुरक्षा में बड़ी सेंधमारी हुई है। सुप्रीम कोर्ट का आधिकारिक यूट्यूब चैनल हैक हो गया है। चैनल पर क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी का ऐड वीडियो शो कर रहा है। एक्सआरपी क्रिप्टोकरेंसी यूएस-बेस्ड कंपनी रिपल लैब्स ने डेवलेप किया है। शीर्ष अदालत संवैधानिक पीठों के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई का लाइव स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब चैनल का उपयोग करती है।

सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल के हैक होने की खबर है। चैनल पर अब कोर्ट की कानूनी कार्यवाही के बजाय रिपल लैब्स द्वारा विकसित एक क्रिप्टोकरेंसी की जानकारी दिख रही है। ये अमेरिका स्थित एक कंपनी है। सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर कोई भी अदालती कार्यवाही लाइव स्ट्रीम नहीं हो रही है और न ही सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर अदालती कार्यवाही के पुराने वीडियो दिख रहे हैं।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर आम तौर पर महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया जाता है।





चैनल पर एक भी पुराने वीडियोज भी नहीं दिखाई दे रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर हाल ही में, कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में लेडी ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर केस की सुनवाई का सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीमिंग किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर अपलोड पिछली सुनवाई के वीडियो को हैकर्स ने प्राइवेट कर दिया और 'ब्रैड गारलिंगहाउस : रिपल रिस्पॉन्ड्स टू द एसईसी 2 बिलियन फाइन! एक्सआरपी प्राइस प्रीडिक्शन शीर्षक वाला एक ब्लैंक वीडियो वर्तमान में हैक किए गए चैनल पर लाइव कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि वास्तव में क्या हुआ है। लेकिन ऐसा लगता है कि वेबसाइट के साथ छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आधिकारिक यूट्यूब चैनल में समस्या के बारे में शुक्रवार सुबह पता चला और सुप्रीम कोर्ट की आईटी टीम ने इसे ठीक करने के लिए एनआईसी से मदद मांगी है।

## 'असरदार सरदार' की उल्टी गिनती शुरू

- सीएजी ने भी माना, सर्वाधिक घोटाले मोहिंदर सिंह के कार्यकाल में
- कम कीमत पर आवंटित किए गए फार्म हाउस



मोहिंदर सिंह नोएडा प्राधिकरण में 2007 से 2012 तक बतौर चेयरमैन व सीईओ काबिज रहे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण में घोटालों व घपलों के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले मोहिंदर सिंह की अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। देर ही सही, प्रवर्तन निदेशालय ने अब बसपा शासन में असरदार सरदार की छवि वाले मोहिंदर सिंह की संपत्तियों को खंगालना शुरू कर दिया है।

मोहिंदर सिंह की रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार का आलम यह था कि स्वयं सीएजी ने भी अपनी ऑडिट में माना है कि नोएडा प्राधिकरण तैनाती के दौर में मोंहिदर सिंह के कार्यकाल में सबसे ज्यादा वित्तीय घोटाले हुए हैं। 2017 में उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद सीएजी ने वर्ष 2005 से लेकर 2015 तक प्राधिकरण में हुए वित्तीय अनियमितताओं की जांच की।

### फार्म हाउस घोटाला

मोहिंदर सिंह के कार्यकाल में यमुना नदी के किनारे सस्ते दामों पर फार्म हाउस को योजना लांच की गई। प्राधिकरण ने वर्ष-2008 तथा 2010 में दो ओपेन एंड स्कीम के तहत दोबार में फार्म हाउस की योजना निकाली थी। दोनों बार में 305 आवेदन स्वीकार किए गए। इसमें 157 आवंटियों को 18 लाख 37 हजार 340 वर्ग मीटर भूखंड आवंटित किए गए। सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष-2009 में 22 आवंटियों को 3100 रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से भूखंड आवंटित किए गए। जबकि उस वक्त जमीन की दर 15 हजार 914 रूपये प्रति वर्ग मीटर थी। इसी दर से वर्ष-2009-2010 में भी भूखंडों का आवंटन किया गया था।

### बसपा सरकार में किये घोटाले

" मोहिंदर की बसपा सरकार में तूती बोलती थी। वर्ष 2007 से लेकर 2012 तक उन्होंने नोएडा में सीईओ, चेयरमैन और चीफ सीईओ के पद पर कई फैसले लिए। किसी भी फैसले पर शासन की ओर से कोई आपत्ति नहीं होती थी। यही वजह है कि बिल्डरों से 10 प्रतिशत राशि लेकर रेवड़ी की तरह जमीन बांटी गई, जो अब करीब 28 हजार करोड़ के बकाये तक पहुंच चुकी है।

## पुलिस ने मुठभेड़ में किया झपटमार को लंगड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख पुलिस द्वारा लोटस वैली स्कूल के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी तभी एक बुलेट मोटरसाइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे चेकिंग के लिए रूकने का इशारा किया गया किन्तु वह नहीं रुका और तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल घुमाकर चारमूर्ति गोल चक्कर की ओर सर्विस रोड की तरफ भागने लगा।



पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति द्वारा सर्विस रोड पर ही निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास मोटरसाइकिल को रोककर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में बदमाश रवि पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ग्राम डोमा टिकरी, थाना धौलाना, जिला हापुड वर्तमान पता भीमनगर, थाना विजयनगर, गाजियाबाद पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय 1 खोखा कारतूस व 1 जिन्दा कारतूस, 1 चेन पीली धातु, 1 टूटी हुयी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।**

गाजियाबाद के मोदीनगर थाना क्षेत्र में आज सुबह एक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की खबर लगते ही मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद गदान में मातम छा गया

गाजियाबाद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मोदीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद गदान में रहने वाले चेतन पुत्र योगेंद्र (22 वर्ष) सुबह करीब 6:30 बजे रेलवे ट्रैक क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान अचानक चेतन ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से चेतन की मौके पर ही मौत हो गई। चेतन की मौत की खबर लगते ही गांव में मातम छा गया उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



## नोएडा में दिनदहाड़े युवती का अपहरण!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में दिनदहाड़े एक युवती का अपहरण हो गया। इस बात की जानकारी युवती के भाई ने दी है। युवती के भाई का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह पूरी आपबीती बता रहा है। इस मामले के बाद पुलिस ने युवती की तलाश के लिए टीम का गठन किया है। पुलिस का दावा है कि जल्द खुलासा हो जाएगा।



भाई का कहना है कि वह रोजाना की तरह शुक्रवार को भी नौकरी के लिए घर से निकला था। रास्ते में उसकी बहन का कॉल आया। कॉल पर युवती ने अपने भाई को बताया कि उसका अपहरण हो गया है। वह ऑटो चेंज कर रही थी। तभी कुछ लोगों ने उसको कुछ सूंघा दिया। आरोपी उसको गाजियाबाद ले जाने की बात कर रहे थे।

## विद्युत विभाग की टीम को बंधक बनाने वाला होटल मालिक गिरफ्तार





**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद के बेहटा हाजीपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बिजली विभाग की टीम के साथ अभद्रता करने तथा टीम के सदस्यों को बंधक बनाने का प्रयास करने वाले होटल मालिक को उसके चार साथियों के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा ने बताया कि बेहटा हाजीपुर स्थित बिजली घर के अवर अभियंता द्वारा सूचना दी गई थी कि 19 सितंबर को उनकी टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी तभी होटल मालिक रशीद द्वारा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 'अनुमति बिना मनोरंजन कार्यक्रम किया तो प्रतिष्ठान स्वामियों की खैर नहीं'

### डीएम के निर्देश पर मनोरंजन कर अधिकारी ने दी चेतावनी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अनुमति के बिना यदि होटल, रेस्तरां, पब तथा अन्य क्लब व मनोरंजन स्थल पर म्युजिक या मनोरंजन का कार्यक्रम किया तो प्रतिष्ठान स्वामियों की खैर नहीं। ऐसा करने वाले पर 20 हजार रूपये का जुर्माना व 6 मास की सजा तथा दोनों ही हो सकती हैं। यह निर्देश दिये जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने।

जिला मनोरंजन कर अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद के विभिन्न होटल, पब, रेस्टोरेंट, बार एवं अन्य स्थानों पर म्यूजिकल कार्यक्रम आयोजन करने वाले प्रतिष्ठान स्वामियों को चेतावनी दी कि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना आयोजित नहीं करें।

उन्होंने यह भी बताया कि अपने प्रतिष्ठान में कोई भी ऐसा प्रदर्शन न करें जो शिष्टता व नैतिकता के प्रतिकूल हो। साथ ही कोई म्यूजिकल कार्यक्रम का आयोजन बिना सक्षम प्राधिकारी के अनुमति के आयोजित न करें अन्यथा उपरोक्त प्राविधानों के अन्तर्गत नियमानुसार बन्द/सीज करने/सक्षम न्यायालय में अभियोग दायर करने की आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की जा सकती है, जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगे।

## ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सहप्रभारी पहुंचे हरौला

### पदाधिकारियों संग डोर-टू-डोर सदस्यता अभियान चलाया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हरौला सेक्टर-5 पर जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा के कार्यालय पर उत्तर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सह प्रभारी सुरेन्द्र बदलिया पहुंचे तथा सदस्यता अभियान का मूलमंत्र फूंका। इस दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर सदस्यता अभियान भी चलाया। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी रोहित चौधरी, जिला अध्यक्ष उमेश पहलवान, जिला उपाध्यक्ष सुधीर अवाना, जिला उपाध्यक्ष राम किशन यादव, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष (शेष पृष्ठ-3 पर)

## गौतमबुद्धनगर ट्रॉयथलॉन एसोसिएशन का गठन

### दीपक विग बने एसो. के मीडिया को-ऑर्डिनेटर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ट्रॉयथलॉन कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए गौतमबुद्धनगर ट्रॉयथलॉन एसोसिएशन का गठन किया गया है।

गौतमबुद्धनगर ट्रॉयथलॉन एसोसिएशन के मीडिया को-ऑर्डिनेटर दीपक विग ने बताया कि रवीन्द्र रावत को एसोसिएशन का अध्यक्ष तथा आशुतोष सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि जग प्रवेश चौहान को अवैतनिक सचिव तथा तूलिका सिंह एवं गुरूराज कुलकर्णी को संयुक्त सचिवों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



श्री विग ने बताया कि शीघ्र ही एसोसिएशन द्वारा जिला गौतमबुद्धनगर ट्रॉयथलॉन मल्टीस्पोर्ट चौंपियनशिप-2024 का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह एसोसिएशन ट्रॉयथलॉन कार्यक्रमों के आयोजन तथा प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था का उद्देश्य ट्रॉयथलॉन के एथलीटस को सभी तरह के संसाधन (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सेक्टर-19 के पार्क में भाजपाइयों ने झाड़ू लगाकर की सफाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में आज सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-19 के पास पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों ने झाड़ू लगाकर पार्क की सफाई की।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लोकेश कश्यप, मंडल महामंत्री अनिल पेशावरिया, महेन्द्र कटारिया, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री तुषार गोयल, मंडल उपाध्यक्ष शशीधर उपाध्याय, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पेजर धमाके

मंगलवार को लेबनान व सीरिया में एक साथ हुए पेजर धमाकों ने इन देशों को ही नहीं, पूरी दुनिया को चौंकाया। लोगों को समझने में देर लगी आजकल उन्नत मोबाइल फोनों के दौर में पेजर का इस्तेमाल? दरअसल, तकनीकी तौर पर बेहद उन्नत इस्राइली फौज व दुनिया में तहलका मचाने वाली खुफिया एजेंसी मोसाद मोबाइल के जरिये अपने कट्टर दुश्मनों को निशाना बनाते रहे हैं। इसी वजह से ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के लड़ाके अपनी स्थिति गोपनीय रखने के मकसद से पेजरों का इस्तेमाल सूचना संकेतों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल पेजर धमाकों की शृंखला में लेबनान में नौ लोगों के मरने व पौने तीन हजार लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। लेकिन वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। वहीं सीरिया में पेजर धमाकों की शृंखला देखी गई। बहरहाल, हालिया घटनाक्रम इस्राइल-हिजबुल्लाह संघर्ष के चिंताजनक स्थिति में पहुंचने का संकेत देता है। युद्ध में इस तरह की रणनीति का पहली बार दुनिया के सामने खुलासा हुआ है, जिसमें अपने विरोधी देश के संचार उपकरणों को निशाना बनाकर हमला किया गया हो। जो इस क्षेत्र में लंबे समय से जारी संघर्ष में परिष्कृत नई रणनीति को ही दर्शाता है। वहीं हिजबुल्लाह की सुरक्षा परत की कमजोरियों को भी उजागर करता है। निस्संदेह, हिजबुल्लाह ईरान समर्थित लेबनान की एक प्रमुख ताकत है, जो उन्नत इस्राइली ट्रैकिंग सिस्टम से बचने के लिये अपेक्षाकृत कम उन्नत तकनीक वाले उपकरण पेजर पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि हिजबुल्लाह लड़ाकों, चिकित्सकों तथा नागरिकों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले पेजर बेरूत के दक्षिणी उपनगरों व बेका घाटी सहित लेबनान के कई गढ़ों में एक साथ फट गए। अस्पताल की तरफ भागती सैकड़ों एंबुलेंसों से पूरे लेबनान में भय व असुरक्षा का माहौल बन गया। यहां तक कि सीरिया के कुछ हिस्सों में भी धमाकों की गूंज सुनायी दी, वहां भी हिजबुल्लाह के लड़ाके इससे प्रभावित हुए। बहरहाल, लेबनान व सीरिया में पेजर धमाकों की शृंखला पूरी दुनिया को कई सबक देती है कि संकटकाल में अपने संचार नेटवर्क को बाहरी हस्तक्षेप से बचाने के लिये बहुत कुछ किया जाना जरूरी है। विज्ञान व तकनीकी उन्नति ने युद्धों का पूरा स्वरूप ही बदल दिया है। परंपरागत सेना व सुरक्षा की सारी अभेद्य दीवारें तकनीक के हमलों के आगे बेकार साबित हो रही हैं। बहरहाल, इन हमलों के लिये, इस्राइली खुफिया एजेंसी पर साजिश करने के आरोप लग रहे हैं। हालांकि, इस्राइल ने इन धमाकों को लेकर कोई दावा नहीं किया है, लेकिन रिपोर्टें बता रही हैं कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान पेजर से छेड़छाड़ करके उन्हें धमाकों के मकसद से ज्वलनशील बनाया गया है। जो एक बड़े सुनियोजित ऑपरेशन की ओर संकेत करता है। जिसमें दूर से सुनियोजित तरीके से विस्फोटों को अंजाम दिया गया। इस्राइल ने इन धमाकों के जरिये हिजबुल्लाह को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि भले ही वह गाजा संघर्ष में उलझा हुआ है, इसके बावजूद वह दूसरे मोर्चे पर हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाने की क्षमता रखता है। बहरहाल, यह घटना बताती है कि इस्राइल पर बीते साल हमास द्वारा किए गए हमले व अपहरण की वारदातों के बाद शुरू हुए टकराव का विस्तार होने की आशंका बलवती हुई है। इस्राइल इस समय न केवल हमास बल्कि हिजबुल्लाह व हूती विद्रोहियों के हमलों का एकसाथ जवाब दे रहा है। लेकिन इस्राइल की सीमा से लगते लेबनान में ईरान द्वारा दी गई उन्नत मिसाइलों व राकेटों के लगातार हो रहे हमलों के बीच इस टकराव के विस्तार लेने की आशंका बढ़ गई है। अब पेजर धमाकों के बाद हिजबुल्लाह इस्राइल से बदला लेने की बात कर रहा है, जिससे इस संघर्ष के व्यापक रूप लेने के आसार बढ़ गये। पश्चिम एशिया में पहले से ही नाजुक स्थिति जो गाजा संघर्ष के कारण और जटिल हो गई थी, उसे पेजर प्रकरण ने और गंभीर स्थिति में पहुंचा दिया। बहरहाल, हालिया घटनाक्रम युद्ध के हथियार के रूप में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग को दर्शाता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उन्होंने एक राजपुत्र को सच्चिदानंद परधाम कहकर प्रणाम किया और उसकी शोभा देखकर वे इतने प्रेममग्न हो गए कि अब तक उनके हृदय में प्रीति रोकने से भी नहीं रुकती॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-ब्रह्म जो ब्यापक बिरज अज अकल अनीह अभेद।**
**सो कि देह धरि होइ नर जाहि न जानत बेद॥**

जो ब्रह्म सर्वव्यापक, मायारहित, अजन्मा, अगोचर, इच्छारहित और भेदरहित है और जिसे वेद भी नहीं जानते, क्या वह देह धारण करके मनुष्य हो सकता है?॥

**बिष्नु जो सुर हित नरतनु धारी। सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी॥**
**खोजइ सो कि अग्य इव नारी। ग्यानधाम श्रीपति असुरारी॥**

देवताओं के हित के लिए मनुष्य शरीर धारण करने वाले जो विष्णु भगवान हैं, वे भी शिवजी की ही भाँति सर्वज्ञ हैं। वे ज्ञान के भंडार, लक्ष्मीपति और असुरों के शत्रु भगवान विष्णु क्या अज्ञानी की तरह स्त्री को खोजेंगे?॥

**संभुगिरा पुनि मृषा न होई। सिव सर्बग्य जान सबु कोई॥**
**अस संसय मन भयउ अपारा। होइ न हृदयँ प्रबोध प्रचारा॥**

फिर शिवजी के वचन भी झूठे नहीं हो सकते। सब कोई जानते हैं कि शिवजी सर्वज्ञ हैं। सती के मन में इस प्रकार का अपार संदेह उठ खड़ा हुआ, किसी तरह भी उनके हृदय में ज्ञान का प्रादुर्भाव नहीं होता था॥

**(क्रमशः..)**

# अखिलेश यादव से किनारा करती कांग्रेस और राहुल गांधी

कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर नजरिया बदलता जा रहा है। अब कांग्रेस और राहुल गांधी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को वह अहमियत नहीं दे रही है जो उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के समय दी थी। वर्ष 2017 के यूपी विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन करके चुनाव लड़ने वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के प्रति जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं उससे यही लगता है कि जल्द ही कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन का दौर खत्म हो सकता है। इतना ही नहीं पिछले कुछ समय से जिस तरह से अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमों मायावती के बीच दूरियां बढ़ी हैं उससे भी अखिलेश यादव अपने आप को अकेला महसूस कर रहे हैं। यूपी की दस विधान सभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव में यदि समाजवादी पार्टी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई तो उसके लिये आगे के लिये अपनी साख बचाना मुश्किल हो जायेगा। वैसे भी मायावती ने उप चुनाव में बसपा के भी प्रत्याशी उतारने की बात कहकर अखिलेश की धड़कने बढ़ा ही रखी हैं।



बात कांग्रेस और सपा के बीच बढ़ती खाई की कि जाये तो पिछले कुछ महीनों में राहुल गांधी एक परिपक्त नेता की तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपना गोल निर्धारित कर लिया है उसी के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। जातीय जनगणना और मुस्लिमों को लुभाने में राहुल गांधी हिन्दुओं पर आक्रमक होने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।जिसका उन्हें हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में फायदा होता भी दिख रहा है।

उधर, पहले मध्य प्रदेश और अब हरियाणा में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं देकर यह संदेश दे दिया है कि उसके लिये समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश से बाहर मायने नहीं रखती है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में भी देखने को मिल रहा है। कांग्रेस की बैसाखी के सहारे सपा महाराष्ट्र मे अपनी ताकत बढ़ाने की जो कोशिश कर रही थी, उस पर भी पानी फिरता दिख रहा हैं। वैसे सपा की महाराष्ट्र यूनिट ने 12 सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिए हैं। यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, विधायक इंद्रजीत सरोज, तूफानी सरोज और प्रभारी बनाया गया है। कुल मिलाकर दूसरे प्रदेशों में अपनी जड़े मजबूत करने का सपना देख रहे अखिलेश यादव को कांग्रेस से लगातार झटके पर झटका ही मिल रहा है। महाराष्ट्र इस कड़ी का नया हिस्सा बन गया है। सपा के पास विकल्प की बात की जाये तो वह फिलहाल सिर्फ यूपी विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस को इसका जवाब दे सकती है। यूपी में सपा की स्थिति कांग्रेस से कहीं अधिक मजबूत है।

**दरअसल, लोकसभा चुनाव में यूपी में 37 सीटें जीतने वाली सपा दूसरे राज्यों की विधानसभाओं में खाता खोलकर राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त करना चाहती है। दूसरे राज्यों में सपा का संगठन उतना प्रभावी नहीं है, जितना उत्तर प्रदेश में है।**

दरअसल, लोकसभा चुनाव में यूपी में 37 सीटें जीतने वाली सपा दूसरे राज्यों की विधानसभाओं में खाता खोलकर राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त करना चाहती है। दूसरे राज्यों में सपा का संगठन उतना प्रभावी नहीं है, जितना उत्तर प्रदेश में है। ऐसे में सपा ने कांग्रेस के सहारे चुनाव मैदान में उतरने की कोशिश कई बार की है। पहले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहती थी। उस चुनाव में कांग्रेस के सपा से गठबंधन न करने पर सपा ने अपने दम पर 22 प्रत्याशी उतारे थे। सपा का खाता तो नहीं खुला, लेकिन कांग्रेस को कुछ सीटों पर नुकसान जरूर हुआ।

इसी तरह से हरियाणा की मुस्लिम और यादव बहुल 12 विधानसभा सीटों पर सपा ने कांग्रेस से गठबंधन करने का प्रयास किया था। बात पांच और फिर तीन सीट पर आकर टिक गई थी। कांग्रेस ने अपनी सूची जारी की तो एक भी सीट सपा के लिए नहीं छोड़ा। हालांकि, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'बात सीट की नहीं, जीत की है' कहकर गठबंधन धर्म निभाने के लिए त्याग करने के संकेत दे दिए हैं। हरियाणा के सपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी भी कहते हैं कि तीन सीटों को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संदेश भेजा था। संगठन ने पूरी तैयारी की, लेकिन कांग्रेस इससे पीछे हट गई। वहीं, दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर की 20 सीटों पर सपा ने कांग्रेस गठबंधन नहीं होने पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और सपा आमने-आमने है। अखिलेश के जम्मू-कश्मीर में प्रचार के लिए भी जाने की तैयारी है। यहां भी अखिलेश को यूपी की तरह मुस्लिम वोट सपा को मुस्लिम वोट मिलने की उम्मीद है।

**-अजय कुमार**

## सिर्फ कानून बनाने से नहीं रुकेंगे महिला अपराध

देश के नेताओं ने समस्याओं का आसान रास्ता तलाश कर रखा है। जब भी किसी समस्या से सामना हो तो कानून बना कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लो। समस्या की जड़ तक कोई भी राजनीतिक दल और सरकारें नहीं जाना चाहती। ऐसा नहीं है कि समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, किन्तु वहां तक पहुंचने और व्यवहारिक समाधान ढूंढने में पापड़ बेलने पड़ते हैं। पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वही किया है जो अब तक ऐसे मामलों में दूसरे राज्य या केंद्र सरकार करती रही हैं। मसलन कानून बना कर जिम्मेदारी पूरी कर ली। ममता सरकार ने विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए।

अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024% शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। यह बिल पास होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा, उनसे पास होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए जाएगा। इससे पहले 2019 में आंध्र प्रदेश दिशा विधेयक और 2020 में महाराष्ट्र शक्ति विधेयक विधानसभा से पारित हुआ था। इन दोनों विधेयकों में बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के सभी तरह के मामलों में अनिवार्य फांसी का प्रावधान किया गया था। इन दोनों विधेयकों को राज्य विधानसभाओं ने सर्वसम्मति से पारित किया था। लेकिन दोनों विधेयकों अभी तक राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ 2012 के पोक्सो अधिनियम के कुछ हिस्सों में संशोधन करने और पीड़िता की उम्र चाहे जो हो, कई तरह के यौन



उत्पीडन् के मामलों में मौत की सजा का प्रावधान है। इस बिल में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध के लिए कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। बीते महीने लागू हुए बीएनएस की धारा-64 में बलात्कार के लिए 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। वहीं बीएनएस की धारा-66 में बलात्कार और हत्या और ऐसे बलात्कार, जिनमें पीड़ित निष्क्रिय हो जाती है, उनमें मौत की सजा का प्रावधान है। इसमें 20 साल की जेल की या उम्र कैद की सजा का भी प्रावधान किया गया है।

गौरतलब है कि निर्भया कांड के बाद कानून को बहुत सख्त कर दिया गया था। रेप की परिभाषा भी बदल दी थी, ताकि महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी लाई जा सके। पहले जबरदस्ती या असहमति से बनाए गए संबंधों को ही रेप के दायरे में लाया जाता था। लेकिन इसके बाद 2013 में कानून में संशोधन कर इसका दायरा बढ़ाया गया। इतना ही नहीं, जुवेनाइल कानून में संशोधन किया गया था। इसके बाद अगर कोई 16 साल और 18 साल से कम उम्र का कोई किशोर जघन्य अपराध करता है तो उसके साथ वयस्क की तरह ही बर्ताव किया जाएगा। हालांकि, इन सबके बावजूद सुधार नहीं हुआ है।

निर्भया कांड (2012) के बाद भारत में कई चर्चित बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक 17 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार और हत्या की घटना सामने आई। उत्तर प्रदेश के ही हाथरस जिले में एक 19 वर्षीय दलित लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और अत्यंत बर्बरता की गई। पीड़िता की मृत्यु के बाद, उसके शव को परिवार की अनुमति के बिना रात के समय दफनाया गया। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई। पीड़िता की शिकायत के बावजूद, पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। हैदराबाद में एक महिला वेटरनरी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने व्यापक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया। अपराधियों को पकडऩे के लिए पुलिस ने कार्रवाई की, और बाद में आरोपी एनकाउंटर में मारे गए, जिसने विवाद और बहस को जन्म दिया। मणिपुर में एक महिला के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने हाल ही में बहुत ध्यान खींचा। इस मामले ने स्थानीय हिंसा और सामाजिक अस्थिरता को भी उजागर किया। साल 2013 में केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया फंड बनाया, जिसका मकसद राज्यों को महिलाओं की सुरक्षा को पुख्ता करना था। मगर, इसका अभी पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो पाया है। निर्भया फंड की 9 हजार करोड़ रुपये की धनराशि का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा भी सही से इस्तेमाल नहीं हो पाया है। निर्भया फंड बनने से लेकर 2021-22 तक, कोष के तहत कुल आवंटन 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा रहा है, जिसमें से 4,200 करोड़ रुपये का ही अब तक इस्तेमाल हो पाया है।

गौरतलब है कि भारत में हर घंटे 3 महिलाएं रेप का शिकार होती हैं, यानी हर 20 मिनट में बलात्कार की एक घटना। देश में रेप के मामलों में 96 प्रतिशत से ज्यादा आरोपी महिला को जानने वाले होते हैं। रेप के मामलों में 100 में से 27 आरोपियों को ही सजा होती है, बाकी बरी हो जाते हैं। ये तीन आंकड़े बताते हैं कि सख्त कानून होने के बावजूद हमारे देश में रेप के मामलों में न तो कमी आ रही है और न ही सजा की दर यानी कन्विक्शन रेट बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की एजेंसी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि भारत में सालभर में महिलाओं के खिलाफ अपराध के चार लाख से ज्यादा अपराध दर्ज किए जाते हैं। इन अपराधों में सिर्फ रेप ही नहीं, बल्कि छेड़छाड़, दहेज हत्या, किडनैपिंग, ट्रैफिकिंग, एसिड अटैक जैसे अपराध भी शामिल हैं।

आंकड़े बताते हैं कि 2012 से पहले हर साल रेप के औसतन 25 हजार मामले दर्ज किए जाते थे। लेकिन इसके बाद ये आंकड़ा 30 हजार के ऊपर पहुंच गया। 2013 में ही 33 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए थे। 2016 में तो आंकड़ा 39 हजार के करीब पहुंच गया था। साल 2022 में औसतन हर दिन करीब रेप के 87 मामले दर्ज किए गए। इसी साल 248 रेप या गैंगरेप के साथ हत्या। 31,516 रेप, 3,288 रेप के प्रयास और 83,344 मामले महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से किए गए हमले के दर्ज किए गए। इन आकंड़ों से जाहिर है कि निर्भया कांड के बाद भी देश में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की तस्वीर नहीं बदली है। दरअसल नेताओं और सरकारों के इरादों में कमी है। देश में महिलाओं की सामूहिक तरक्की, पर्याप्त शिक्षा, बुनियादी सुविधाएं, रोजगार और अन्य सुविधाओं में इजाफा नहीं होगा तब तक निर्भया जैसी घटनाओं पर सिवाए चीख-पुकार मचाने से कुछ नहीं होगा। यह सब करना सरकारों के लिए आसान नहीं है। इसलिए जब भी कोई वारदात होती है तब कानून में कुछ और धाराएं जोड़ कर सरकारें अपनी दायित्व की इतिश्री कर लेती हैं।

**- योगेन्द्र योगी**

## राशिफल

भाद्रपद शुक्ल पक्ष : तृतीया | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सितारों की तरह चमकेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
आय के नवीन सोर्स बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम है। प्रेम संतान, व्यापार अद्भुत है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम संतान मध्यम, व्यापार दृष्टिकोण से कुछ नए अवसर बन रहे हैं। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा के योग बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतानन बहुत अच्छा, व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान का साथ। व्यापार अच्छा। सबकुछ बहुत बढ़िया।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य नरम गरम। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
भावुकता पर काबू रखें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। स्वास्थ्य अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। लेकिन गृहकलह भी संभव है। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम संतान का साथ होगा, व्यापार बहुत अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
बच्चों से दूरी कम हो रही है। प्रेम में अपनापन आ रहा है। जुबान पर नियंत्रण रखें। निवेश से बचें।

# ‘सदस्यता अभियान एक पर्व है’

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर जीएनआईओटी कॉलेज नॉलेज पार्क में कार्यकर्ताओं से संवाद किया और भाजपा की सदस्यता कराने के लिये पार्टी संगठन पर्व सदस्यता अभियान प्रवास कार्यक्रम में उतराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पहुँचें।



भाजपा संगठन पर्व सदस्यता अभियान कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा ज़िला सदस्यता अभियान संयोजक सेवानन्द शर्मा ने किया। संगठन पर्व सदस्यता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे विश्व में सबसे अधिक सदस्य बनाकर एक कीर्तिमान स्थापित करेगा। भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो चुका है यह अभियान एक महापर्व के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है। कार्यकर्ता घर घर जाकर प्राथमिक सदस्यता दिला रहे हैं। अधिक से अधिक पार्टी से नौजवान छात्र छात्राएँ हर वर्ग का व्यक्ति जुड़े इसके लिए कार्यकर्ताओं को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। कॉलेज यूनिवर्सिटीज़ बड़े बड़े शैक्षिक संस्थान मैं जाकर व्यापक रूप से सदस्यता करानी होगी। आज हर वर्ग का व्यक्ति भाजपा से जुड़ना चाह रहा है जिसके लिए सभी को बड़ी बड़ी फैक्ट्रियां मल्टीनेशनल कंपनियां औद्योगिक इकाइयों को चिन्हित कर वहाँ के कार्यकारी लोगों से मिल कर पार्टी की रीति नीति बतानी होगी। किस प्रकार भारतीय जनता पार्टी देश हित के लिये सर्व समाज हित के लिये कार्य कर रही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा से सेवा के कार्यों के माध्यम से जनता के बीच जाकर स्वच्छता अभियान रक्तदान शिविर एक पौधा माँ के नाम पर वृक्षारोपण कर सेवा के कार्य में लग रहे है और उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद देश का चहुमुखी विकास हुआ और देश का मान स्म्मान विश्व पटल पर बढ़ा है।

प्रदेश में 2017 से प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की सरकार में सुशासन का राज स्थापित हुआ और चल रहा है भाजपा विपक्ष के तरह जाति की राजनीति नहीं करती देश में केवल चार जातियाँ है ग़रीब ,किसान,नारी और युवा उनकी सेवा के कार्य करने के लिये भाजपा की सरकारें तीन गुना ताक़त से काम कर रहीं है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिसोदिया ने कहा संगठन पर्व सदस्यता अभियान में प्रस्तावना में कहा कि सभी सम्मानित पदाधिकारी कार्यकर्ता सदस्यता अभियान आप के जनपद में सदस्यता की और गति बढ़े प्रदेश में सदस्यता के टॉप टेन में गौतमबुधनगर का नाम आये सदस्यता अभियान में लगेंगे।

कार्यक्रम में ज़िला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने सदस्यता का व्रत लिया और उन्होंने संगठन के सभी कार्यों को समय से पूरा करने के कार्य में लगेंगे। जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा संगठन पर्व सदस्यता अभियान और सेवा पखवाड़ा के तहत सभी कार्यों और लक्ष्य समय से पूरा कर रिकॉर्ड सदस्यता अपने जिले गौतमबुधनगर से होगी।

इस अवसर पर मुख्यरूप से क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ज़िला प्रभारी प्रमोद गुप्ता जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज योगेश चौधरी धर्मेन्द्र कोरी जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा पवन नागर सतेंद्र नागर पवन रावल मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य पंकज रावल पूजा गंगानिया जिलामंत्री सत्यपाल शर्मा अमित पंडित गुरूदेव भाटी रवि जिन्दल इन्द्र नागर विजय रावल इंदरजीत टाइगर महेश शर्मा विचित्र तोमर राजीव सिंघल रजनी तोमर संजय भाटी दिनेश भाटी सतीश भाटी सरफ़राज़ अली जितेन्द्र भाटी विमल पुंडीर मुकेश चौहान आदि सैकड़ों प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने किया रक्त दान शिविर



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा युवा मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत कल ‘रक्तदान शिविर’ का आयोजन किया।



भारतीय जनता युवा मोर्चा, गौतमबुद्ध नगर द्वारा जिला कार्यालय भाजपा तिलपता पर सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो युवाओं ने शिविर में प्रतिभा किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा ने रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी, युवा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रवासी अनुज कश्यप, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राज नागर, दादरी ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र भाटी रहे।

मुख्य अतिथि श्रीचंद शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा के माध्यम से जनता के बीच पहुंचने का कार्य बीजेपी के कार्यकर्ता द्वारा किया जा रहा है, उन्होंने रक्तदाताओं के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें सर्टिफिकेट व स्मृति चिन्ह प्रदान किये। जिला अध्यक्ष भाजपा गजेंद्र मावी ने सफल आयोजन के लिए युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राज नागर व उनकी समस्त युवा मोर्चा टीम को बधाई दी।

जिला अध्यक्ष भाजयुमो राज नागर ने कहा की देश का युवा आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास करता है, युवा मोर्चा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे भारतवर्ष में सफलतापूर्वक महारक्तदान कार्यक्रम करने में सफल हुआ है।

इस मौके पर योगेश चौधरी, धर्मेंद्र कोरी, पवन नागर, अमित पंडित, रवि जिंदल, मनीष भाटी, मुकेश चौहान, महेंद्र नागर, राजीव सिंघल, जितेंद्र भाटी, विमल पुंडीर, रजनी तोमर, सचिन गौतम, नईम खान, संगीता तिवारी, शक्ति सिंह रावल, बालेश्वर नागर, हिन्दू अतुल गुर्जर, जीवन भाटी, जॉनी चौहान, गौरव पटेल, विकास भाटी डाबरा, महेंद्र कर्दम, बृजेश ठाकुर, सचिन वर्मा, श्याम आर्य आदि सैकड़ों युवा मोर्चा के जिला व मंडल के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# एनपीसीएल पर किसान एकता संघ का धरना

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय किसानों की 12 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान व प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा व जिलाध्यक्ष पप्पे नागर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा विक्रम नागर के नेतृत्व NPCL के तुगलपुर ऑफिस पर पहुंचकर महापंचायत शुरू की पंचायत में वार्ता के लिए NPCL की तरफ से सुबोध त्यागी, SDM सदर, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा, एसीपी 3 आदि लोग पंचायत में आए क्षेत्रीय किसानों की 12 सूत्रीय मांगो को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई 12 सूत्रीय मांगो पर सहमति न बनने पर वार्ता विफल रही ।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव राजू शर्मा जलपुरा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के मीटर उतरे जाए और बिल पहले की तरह फिक्स किया जाए किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त दी जाए मीटर हटाए जाए।

ग्रामीण क्षेत्र में लगे लोहे के पोलो को बदलकर पत्थर के पोल लगाए जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके, डूब क्षेत्र में जितनी भी कालोनी है सभी को कनेक्शन व बिजली आपूर्ति दी जाए,सभी धार्मिक स्थलों पर फ्री कनेक्शन देकर बिजली फ्री दी जाए,किसानों को अस्थाई कनेक्शन 6 माह के लिए 6 हजार रूपये में दिया जाए,किसानों पर दर्ज फर्जी बिजली चोरी के मुकदमे तत्काल प्रभाव से खत्म किए जाए,UPPCL के गावों को NPCL में जोड़ा जा रहा है जिसका किसान एकता संघ विरोध करता है उन्हे UPPCL में ही रहने दिया जाए।सभी 12 सूत्रीय मांगों पर वार्ता विफल रही ।

इस दौरान जिला प्रभारी प्रिन्स शर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय किसानों के साथ NPCL द्वारा किए जा रहे अत्याचारों को संगठन बिलकुल भी बर्दास्त नही किया जायेगा । वार्ता सकारात्मक रूप में ना होने पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरने में परिवर्तित कर दिया।



इस दौरान बबली कसाना,राजू शर्मा, सतीश कनारसी, विक्रम नागर, प्रमोद शर्मा, प्रिन्स शर्मा, शेरू प्रधान ,विक्रम नागर, पप्पे नागर, रमेश कसाना, मनीष नागर,जगदीश शर्मा, जयप्रकाश नागर एडवोकेट, आजाद प्रधान,पवन नागर, अरविंद, कमल यादव, आदि हजारों किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मांग नहीं मानी तो उग्र होगा आंदोलन : भाटी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसायटी पर भाकियू (बलराज) का धरना आज भी जारी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कल एक प्रेसवार्ता में कहा कि जब तक मांगें नहीं मानी जाएंगी तब तक धरना जारी रहेगा।



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी का कहना है कि 13 अगस्त को एडीएम अतुल कुमार के नेतृत्व में पैरामाउंट बिल्डर और यूपीएसआईडीसी के आरएम अनिल कुमार के बीच सोसायटी निवासियों और संगठन के कार्यकर्ताओ की वार्ता होनी सुनिश्चित हुई थी लेकिन वे जानबूझकर वार्ता मै नही पहुँचें तो निवासियों और संगठन के कार्यकर्ताओ ने एडीएम अतुल कुमार से वार्ता की उन्होनें सभी समस्याओ को विस्तार से सुना और आर एम अनिल कुमार से फोन पर सम्पर्क किया उन्होनें बिल्डर को लेकर कलेक्ट्रेट मै मंगलवार का वार्ता का समय निर्धारित कर दिया सोमवार को एडीएम अतुल कुमार ने बलराज भाटी को फोन कर बताया कि मेरे पास आर एम अनिल कुमार का फोन आया है कि मंगलवार को मै कहीं व्यस्त हूँ बुधवार को वार्ता के करेंगें। ये सब आर एम अनिल कुमार और पैरामाउंट बिल्डर की साजिश थी और इसी तरह उन्होनें दलाल और लालची किस्म के लोगों को तारगेट बनाकर गुपचुप तरीके से वार्ता की राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि यदि आरएम अनिल कुमार और बिल्डर के अन्दर कोई चोर छिपा नही था और समस्याओ का समाधान ही कर रहे थे तो उन निवासियों और संगठन के कार्यकर्ताओ से वार्ता करनी थी जो मुद्दों को लेकर धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने चेतावनी भरे लहजे कहा कि आर एम अनिल कुमार और पैरामाउंट बिल्डर ने मिलकर सोसायटी के अन्दर अवैध निर्माण व अन्य रूप से जो अरबों रुपए के घोटाले का खेल खेला है उसका। खामियाज़ा इन्हें भुगतान होगा 25 सितम्बर को धरनास्थल पर विशाल महापंचायत होगी और बडा निर्णय लिया जायेगा और आर पार की लडाई लडी जायेगी। इस अवसर पर

धरने में भगवंत सिंह, दिनेश राठौर, डॉ नवीन भाटी, आशू चौहान, सागर लंका, विनोद प्रताप,पंकज सिसौदिया,हरबीर चौधरी, एस बी मौर्या, दर्पण रहेजा, सुनील, अरूण शर्मा, एके उपाध्यक्ष, जी सी उपाध्यक्ष, केपी सिंह, जितेंद्र सोलंकी, बद्री प्रसाद, महेश शर्मा, संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा सिवाल, यूथ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विपिन खारी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संदीप भाटी, प्रदेश सचिव सोनू खारी, यूथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राहुल भाटी, प्रदेश संगठन मन्त्री विकास त्यागी, जिला संगठन मन्त्री रिंकू भडाना, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**असरदार सरदार...**
**ईडी की रडार पर मोहिंदर सिंह के ‘राजदार’**

सूत्रों की मानें तो मोहिंदर सिंह के इस गोरखधंधे में शामिल हुए कुछ बिल्डर, सफेदपोश, बसपा के नेता, प्राधिकरण के चंद अफ्सर भी शामिल हैं जो मोहिंदर सिंह के राजदार थे। उन पर भी ईडी कभी भी शिकंजा कस सकती है।

**विद्युत विभाग की टीम...**

उनकी टीम के साथ अभद्रता की गई तथा उन्हें बंधक बनाने का प्रयास किया गया। अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर होटल मालिक रशीद तथा उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**ओबीसी मोर्चा के प्रदेश...**

यश नागर,जिला महामंत्री भगत भाटी, जिला महामंत्री सतेंद्र सिरोही, जिला मीडिया प्रभारी विनीत प्रजापति, जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा कालीचरण प्रजापति,जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा संदीप अवाना, मंडल अध्यक्ष हेमंत प्रजापति,मंडल अध्यक्ष सितम भाटी, मंडल अध्यक्ष रमेश सहनी, इंदू यादव, सुरेंद्र बंसल, पिंटू यादव आदि मौजूद रहे।

**सेक्टर-19 के पार्क...**

शाइनी, मंडल मंत्री अजय सक्सेना, श्रीमती उषा थापा, मीडिया प्रभारी पी.सी. पंचोली, सेक्टर संयोजक एस एन गुप्ता, डी एस रावत, बी बी मजूमदार, एन सी त्यागी, मनोज दत्ता एवं कार्यकर्ताओ की सहभागिता रही।

**पुलिस मुठभेड़ ...**

पीली घातु की चेन का टुकडा तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बुलेट रजि0नं0 यूपी 20 सीके 4047 बरामद हुयी है।

बदमाश ने पूछताछ में बताया कि मैं ऑटो रिक्शा में बैठकर सवारियों के बैग से ज्वैलरी व कीमती सामान चुरा लेता हूँ तथा कभी-कभी मोटरसाइकिल से चेन स्नैचिंग भी करता हूँ। उपरोक्त बदमाश द्वारा चारमूर्ति के पास एक ऑटो से महिला के हैंडबैग से एक चेन चोरी की गयी थी। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गौतमबुद्धनगर ट्रॉयथलॉन...**

उपलब्ध कराना है। साथ ही एथलीटस को सुरक्षा, खेल भावना के साथ-साथ उनमें एक स्वस्थ्य एवं सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध है।


## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0 – 1 सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर – 201308, उ0प्र0
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in, ई-मेल: authority@gnida.in

पत्रांक: वरि.प्र./(ई-निविदा सेल)/2024/529ए दिनांक: 19 सितम्बर, 2024

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नौएडा की ओर से ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या वरि.प्र./(ई-निविदा सेल)/2024/529 दिनांक 19.09.2024 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या 01 से 17 तक के कार्य की ई-निविदाये आमन्त्रित की जाती है। समस्त नियम व शर्तें ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट: **www.greaternoidaauthority.in** पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईटें देखते रहें।

| क्र. सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| **निर्माण कार्य।** | | |
| 1. | सेक्टर गामा-1 के ब्लॉक-ए में स्टाफ रूम का डिस्मेंटल और पुनः निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-5) | रु. 27.68 लाख |
| 2. | ग्रेटर नौएडा के सेक्टर-16 (आवासीय) में प्लाट संख्या एन. एस-1 और एन एच-2 के बीच में शेष 24 मी. चौड़ी सड़क एवं आर.सी.सी. ड्रेन का निर्माण | रु. 30.14 लाख |
| 3. | ग्राम कासना, नटौ की मढैय, डाढा एवं मुर्शिदपुर में आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रु. 43.17 लाख |
| 4. | ग्राम बादलपुर में सरकारी आई.टी.आई. में स्टाफ हाउस तथा सी. सी. रोड़ का नवीनीकरण एवं गार्ड रूम तथा फुटपाथ का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-1) | रु. 46.22 लाख |
| 5. | सैक्टर टेकजोन-2 में 60 मी. चौड़ी सड़क की ब्रिक ड्रेन को ऊँचा उठाने एवं सुदृढीकरण का कार्य। (वर्क सर्किल-7) | रु. 58.48 लाख |
| 6. | ग्राम रोजा याकूबपुर, रोजा जलालपुर एवं मिलक लच्छी में कनेक्टिंग सीवर लाईन लगाने और बिछाने का कार्य। (वर्क सर्किल -1) | रु. 56.87 लाख |
| 7. | होली पब्लिक स्कूल के सामने सेक्टर इकोटेक-1 साइड में एवं सेक्टर-36 साइड में बैलेंस सर्विस रोड़ का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-5 ) | रु. 53.46 लाख |
| 8. | सूरजपुर एवं तिलपता में डी.एस.सी. रोड़ के मुख्य केरिज-वे पर सी. सी. रोड़ को ऊंचा करने व तिलपता रोटरी से दादरी बाईपास, तक मुख्य केरिज-वे के साथ आर.सी.सी नाले (दोनों तरफ) का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-3) | रु. 2308.14 लाख |
| **जलापूर्ति एवं सीवर का कार्य।** | | |
| 9. | ग्रेटर नौएडा में विभिन्न स्थानों एवं विभिन्न क्षेत्रों में टयूबवेलों का पुनः विकास कार्य। (वर्क सर्किल – जल) | रु. 47.48 लाख |
| 10. | ग्रेटर नौएडा के जोन-1 ( सैक्टर-1, 2, बीटा-1, 2, गामा-1, 2, एवं डेल्टा – 1, 2, 3, में डिस्टीब्यूसन पाइप लाईन का दो वर्ष तक अनुरक्षण कार्य । (वर्क सर्किल – जल) | रु. 155.85 लाख |
| 11. | सैक्टर ईकोटेक-11 में जलापूर्ति लाईन का कार्य। (वर्क सर्किल – जल ) | रु. 285.37 लाख |
| **स्वास्थ्य विभाग** | | |
| 12. | ग्रेटर नोएडा के 15 विलोपित कूड़ाघरों का विकास कार्य एवं 2 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य । (वर्क सर्किल – स्वास्थ्य ) | रु. 50.17 लाख |
| 13. | ग्रेटर नौएडा के 12 विलोपित कूड़ाघरों का विकास कार्य एंव 2 वर्ष तक अनुरक्षरण का कार्य। (वर्क सर्किल – स्वास्थ्य ) | रु. 50.32 लाख |
| **उद्यान विभाग** | | |
| 14 | ग्रेटर नौएडा परिक्षेत्र में विभिन्न सैक्टरों में झूलों की मरम्मत का कार्य। (वर्क सर्किल – उद्यान) | रु. 16.76 लाख |
| 15. | गलेक्सी वेगा के सामने 100 मीटर चौड़ी मास्टर ग्रीन बेल्ट में ओपन जिम स्थापित करने के साथ 5 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल – उद्यान) | रु. 30.66 लाख |
| 16. | डी.एम.आई.सी. के सामने सैक्टर ज्यू-3 से टैकजोन-2 की ग्रीन बैल्ट, सैक्टर टैकजोन-2 में 100 मी. चौड़ी ग्रीन बैल्ट का उद्यानिक/सिविल एवं तारबाड का 3 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल – उद्यान) | रु. 94.85 लाख |
| 17. | सेक्टर लैम्डा के सामने 105 मीटर रोड व रोटरी के साथ सेक्टर थीटा-2 और सेक्टर लैम्डा के मध्य रोटरी का विकास कार्य के साथ दो वर्ष तक अनुरक्षण कार्य। (वर्क सर्किल – उद्यान) | रु. 95.25 लाख |

क्रम सं.-1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 12, 13, 14, 15, 16 एवं 17 पर अंकित कार्य दिनांक-23.09.2024 से 03.10.2024 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 07.10.2024 को 11:00 बजे खोली जाएंगी एवं क्रम सं.-8 एवं 11 पर अंकित कार्य दिनांक 23.09.2024 से 07.10.2024 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 09.10.2024 को 11:00 बजे खोली जाएगी।

**वरिष्ठ प्रबंधक (ई-निविदा सेल)**

Follow Us on / OfficialGNIDA



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


# यीडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई समझ से परे : कर्मवीर नागर प्रमुख

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता कर्मवीर नागर ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा तथा यमुना विकास प्राधिकरण में अधिकारियों के निलंबन की कार्यवाही पर सवाल उठाया है।



उन्होंने अपने बयान में कहा कि 2 दिन पूर्व यीडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पांच अधिकारियों को प्रमुख सचिव औद्योगिक द्वारा निलंबित किया गया था। इससे पहले भी कुछ अधिकारियों के विरुद्ध शासन के आदेश पर निलंबन की कार्रवाई की गई थी। समाचार पत्रों की खबरों में प्रकाशित जानकारी के अनुसार इन अधिकारियों के निलंबन का कारण नई तैनाती की जगह ज्वाइन न करना है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब नियम अनुसार किसी भी कर्मचारी और अधिकारी के तबादले के बाद उसको सीनियर अधिकारी रिलीव करता है तभी नहीं तैनाती की जगह ज्वाइन किया जाता है, तो क्या इन अधिकारियों को रिलीव कर दिया गया था? अगर इन्हें रिलीव ही नहीं किया गया था तो ऐसे में इन अधिकारियों के निलंबन नियमों की दायरे में नहीं आता। अगर इन अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन का यही कारण है तो इसके पीछे कोई दुर्भावना अथवा साजिश नजर आती है। किसी भी कर्मचारी और अधिकारी के विरुद्ध दुर्भावनावश (मैलाफाइड इंटेंशन से) की गई कार्रवाई से मानसिक उत्पीड़न के साथ-साथ मनोबल और कार्य क्षमता पर दुष्प्रभाव डालता है। इस तरह दुर्भावना वश की गई कोई भी कार्रवाई निश्चित तौर पर निंदनीय है। इससे पहले भी नोएडा प्राधिकरण कुछ अधिकारियों का निलंबन किया गया था जिनके निलंबन पर न्यायालय ने शायद इसीलिए रोक लगा दी है क्योंकि यह कार्रवाई दुर्भावना वश की गई थी।

फटाफट खटाखट निलंबन करने वाले उच्च अधिकारियों को नरक बन रहे औद्योगिक नगरीय क्षेत्र घोषित गांव कभी नजर नहीं आते। जिस भ्रष्टाचार की वजह से प्राधिकरणों की साख को देश और दुनिया में बट्टा लगा है उसे पर इन अधिकारियों की नजर कभी नहीं पड़ती। यह अधिकारी कभी उन किसानों की समस्याओं के प्रति भी गंभीर नजर नहीं आए जो भीषण गर्मी, कडकडाती ठंड और भारी बरसात में सड़कों पर बैठने के लिए मजबूर होकर वर्षों से अपने हक और न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं।




## महंगाई से मिलेगी राहत! खाने-पीने की जरूरी चीजों की कीमत नहीं बढ़ेगी, सरकार ने दिलाया भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी सीजन पर आम जनता को महंगाई से राहत मिल सकती है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि खाने-पीने की जरूरी चीजों की कीमत में बढ़ोतरी नहीं होगी। साथ ही सरकार ने कहा कि देश में चावल-गेहूं और खाद्य तेलों का पर्याप्त भंडार है। फूड सेक्रेटरी संजीव चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि चीनी और खाद्य तेलों जैसी जरूरी चीजों की कीमतें स्थिर हैं और आगामी त्योहारी मौसम के दौरान इनके दाम में कोई बड़ा उछाल आने की उम्मीद नहीं है। चोपड़ा ने कंज्यूमर्स को आश्वस्त किया कि घरेलू तिलहन किसानों को समर्थन देने के उद्देश्य से कुछ खाद्य तेलों पर बेसिक कस्टम्स ड्यूटी में हाल ही में की गई बढ़ोतरी से कीमतों में कोई खास उछाल नहीं आएगा। फूड सेक्रेटरी ने कहा कि हम उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को उचित स्तर पर बनाए रखने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारी मौसम की स्थिति बेहतर दिख रही है। हमें आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में किसी तरह की तेजी की उम्मीद नहीं है।

## सोनी लिव पेश करेगा दो बार एमी नामित सीरीज मिलियन डॉलर लिस्टिंग का भारतीय रूपांतरण

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव अपने लोकप्रिय शोज शार्क टैंक और मास्टरशेफ इंडिया के बाद एक और अनूठा शो लेकर आ रहा है - एमी नामांकित सीरीज 'मिलियन डॉलर लिस्टिंग' का भारतीय रूपांतरण। इस शो में भारत के सबसे शानदार घरों और प्रॉपर्टीज को दिखाया जाएगा, जहां दर्शकों को प्रॉपर्टी खरीदने और बनाने की बारीकियां जानने का मौका मिलेगा। एंडेमॉल शाइन इंडिया द्वारा निर्मित, मिलियन डॉलर लिस्टिंग- इंडिया इस फॉर्मेट का दूसरा अंतरराष्ट्रीय संस्करण है, जो एलए, न्यूयॉर्क, मियामी और दुबई जैसे शहरों में सफलता हासिल कर चुका है। हर एपिसोड में स्मार्ट रियल एस्टेट प्रोफेशनल्स की जिंदगी को दिखाया जाएगा, जो करोड़ों की प्रॉपर्टी डील करने के लिए कई चुनौतियों से निपटते हैं। भारतीय संस्करण की शुरुआत दिल्ली से होगी।

## एसपीएस 2024 7 नए स्पेक्टेकल्स और स्नेप ओएस का परिचयः एआर ग्लासेस की अगली क्रांति टीम स्नेप द्वारा

**मुंबई, एजेंसी।** आज हम स्पेक्टकल्स की पाँचवीं पीढ़ी का परिचय करा रहे हैं, हमारे नए पारदर्शी, स्वतंत्र एआर चश्मे, जो आपको लेंस का उपयोग करने और दोस्तों के साथ दुनिया का अनुभव करने के नए तरीके प्रदान करते हैं। स्पेक्टकल्स स्नेप ओएस द्वारा संचालित होते हैं, जो हमारा नया और उन्नत ऑपरेटिंग सिस्टम है, जिसे लोगों के दुनिया के साथ स्वाभाविक रूप से बातचीत करने के तरीके को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। स्पेक्टकल्स आज से हमारे स्पेक्टकल्स डेवलपर प्रोग्राम के तहत उपलब्ध हैं। स्पेक्टकल्स आपके मोबाइल डिवाइस के साथ भी आसानी से काम करते हैं। नए स्पेक्टकल्स ऐप के माध्यम से, आप अपने फोन का उपयोग कस्टम गेम कंट्रोलर के रूप में कर सकते हैं।

## अमेज़न एमएक्स प्लेयर की आने वाली सीरीज़ लव-ड्रामा सीरीज़, इश्क इन द एयर का ट्रेलर रिलीज़

**मुंबई, एजेंसी।** अमेजन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने आज आधिकारिक तौर पर अपनी आने वाली लव-ड्रामा सीरीज़, इश्क इन द एयर का ट्रेलर रिलीज़ किया। इश्क इन द एयर की कहानी दो अलग-अलग शहरों- यानी इंदौर और मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो आपको किस्मत से होने वाली मुलाकातों और मधुर रोमांस से भरे सफ़र पर ले जाने के लिए तैयार है, जिसमें एक-दूसरे के विपरीत दो दुनियाएँ टकराती हैं और कुछ समय के लिए उनके जीवन में उथल-पुथल मच जाती है। बीबीसी स्टूडियोज़ प्रोडक्शंस इंडिया द्वारा प्रोड्यूस की गई इस सीरीज़ में बेहद होनहार कलाकारों, शांतनु माहेश्वरी और मेधा राणा ने मुख्य किरदार निभाए हैं। इस शो के बारे में अपनी राय जाहिर करते हुए, अमेज़न एमएक्स प्लेयर के हेड ऑफ़ कंटेंट, अमोघ दुसाद ने कहा, हमें इस बात की खुशी है कि, हम दर्शकों को बेहद पसंद आने वाले अपने रोमांटिक कंटेंट के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अब इश्क इन द एयर को प्रस्तुत करने वाले हैं।

# अपोलो माइक्रो सिस्टम्स को डीआरडीओ और इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स से मिले ऑर्डर

## म्युनिशंस इंडिया के 72.26 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट में एल1 बिडर घोषित

**मुंबई, एजेंसी।** कस्टम-बिल्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सॉल्यूशंस के डिजाइन, डेवलपमेंट और असेंबली के लिए प्रसिद्ध अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड ने इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड और एआरडीई डिफेन्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) से 4.70 करोड़ रुपये के ऑर्डर प्राप्त किए हैं। इसके अलावा, कंपनी को म्युनिशन्स इंडिया लिमिटेड द्वारा जीएनसी किट के लिए सबसे कम बिडर (एल1) घोषित किया गया है, जिसका मूल्य 72.26 करोड़ रुपये है।




हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की है कि उसे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड से 10.90 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर भारी वजन वाले टॉरपीडो के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर डिफाइंड यूनिवर्सल होमिंग सिस्टम के लिए था। यह अपनी तरह की पहली तकनीक डीआरडीओ के सहयोग से विकसित की गई थी। यह ऑर्डर एम/एस भारत डायनेमिक्स लिमिटेड से उत्पादन की शुरुआत का प्रतीक है, जो पूरे टॉरपीडो के उत्पादन के लिए नामित एजेंसी है। इस समय अपोलो माइक्रो सिस्टम्स इस होमिंग सिस्टम के लिए एकमात्र योग्य विक्रेता है।

इन भारी वजन के टॉरपीडो को सामरिक पनडुब्बी कार्यक्रमों में एकीकृत किया जाएगा, और हमें इस महत्वपूर्ण परियोजना का हिस्सा होने पर गर्व है। कंपनी ने यह भी घोषणा की है कि उसने एम/एस भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर हल्के वजन के टॉरपीडो के लिए इस तकनीक को अपनाया है, जो डीआरडीओ द्वारा नामित इन टॉरपीडो के लिए आधिकारिक उत्पादन साझेदार है। यह अगली पीढ़ी का होमिंग सिस्टम, अपने अत्यंत उन्नत फीचर्स के साथ, जटिल पानी के नीचे के खतरों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और विश्व स्तर पर हल्के वजन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ में से एक होगा।

भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की प्रतिबंध सूची में भारी वजन के टॉर्पीडो भी शामिल हैं, जो भारतीय सशस्त्र बलों में स्वदेशी प्रणालियों के शामिल होने को प्रोत्साहित करती है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स ने भी सफलतापूर्वक सिग्नल प्रोसेसिंग फॉर एक्सपेंडेबल डिकॉय जैसे अंडरवाटर युद्ध उत्पादों का विकास और उत्पादन किया है, जो पहले से ही उत्पादन में हैं और भारतीय नौसेना में शामिल किए जा चुके हैं।

इसके अलावा, कंपनी ने अंडरवाटर माइन्स विकसित की हैं, जिनका तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है और उपयोगकर्ता परीक्षण जल्द ही शुरू होगा। यह परियोजना कंपनी की अंडरवाटर युद्ध क्षेत्र में स्थिति को मजबूत करेगी। अपोलो माइक्रो सिस्टम का होमिंग सिस्टम में विशेषज्ञता 30 वर्षों से है, जिसमें से पिछले छह वर्ष इस विशिष्ट यूनिवर्सल होमिंग सिस्टम को विकसित करने के लिए समर्पित हैं।

वर्तमान उत्पादन ऑर्डर भारी वज़न वाले टॉर्पीडो के बड़े आदेश की शुरुआत है, जो सभी सामरिक पनडुब्बियों पर लगाए जाएंगे। कंपनी बड़े पैमाने पर उत्पादन की मांग पूरी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कंपनी की यूनिट ढ्ढढ्ढ सुविधा फरवरी 2025 तक हैदराबाद के हार्डवेयर पार्क में चालू होने के लिए तैयार है।

वित्तीय वर्ष 2025 की पहली तिमाही में, एएमएस ने रु. 912.02 मिलियन का रेवेन्यू हासिल किया, जो वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही के रु. 576.91 मिलियन से बढ़ा है। यह मुख्य रूप से अच्छे ऑर्डर निष्पादन के कारण हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025 की पहली तिमाही में हमारा एबिटा बढ़कर रु. 223.71 मिलियन हो गया, जो वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही में रु. 127.42 मिलियन था। यह 75.57 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो बढ़े हुए ऑपरेशन के कारण है। वित्तीय वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए शुद्ध लाभ रु. 84.29 मिलियन था, जबकि वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह रु. 16.54 मिलियन था। वित्तीय वर्ष 2025 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ मार्जिन 9.24 प्रतिशत था, जो वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2.87 प्रतिशत था।

# स्ट्राइडर साइकिल ने सस्टेनेबल मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किए दो ई-बाइक मॉडल

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा समूह की कंपनी स्ट्राइडर साइकिल ने दो नए मॉडल- वोल्टिक एक्स और वोल्टिक गो लॉन्च कर अपने ई-बाइक पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। ये ई-बाइक मूल कीमत के मुकाबले 16 प्रतिशत तक की छूट के साथ क्रमशः 32,495 रुपये और 31,495 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध हैं। वायु प्रदूषण और यातायात की भीड़भाड़ के बारे में बढ़ती चिंता के बीच स्ट्राइडर उपभोक्ताओं के लिए वहनीय परिवहन के विकल्प के रूप में ई-बाइक को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



स्ट्राइडर के बिजनेस हेड, राहुल गुप्ता ने इन ई-बाइक के लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, हमारा मानना है कि ई-साइकिल भारत के ऊर्जा बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हम सरकार की दूरदर्शी पहलों के साथ मिलकर देश में अपेक्षाकृत अधिक वहनीय परिवहन परितंत्र बनाने में मदद कर रहे हैं। ई-बाइक की लोकप्रियता में वृद्धि पारंपरिक साइकिलिंग अनुभव में आने वाली सुविधा से उपजी है, जो इसे सबसे दक्ष और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्प बनाती है। हमारे नए ई-बाइक मॉडल, वोल्टिक एक्स और वोल्टिक गो, पर्यावरण के अनुकूल, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक विकल्प प्रदान करते हैं जो शहरी आवागमन की जरूरतों और टाटा समूह के वहनीयता लक्ष्यों के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

स्ट्राइडर ने 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, देशभर में 4,000 से अधिक खुदरा दुकानों तक अपना विस्तार किया है और अपने निर्यात को सार्क, अफ्रीका और मध्य पूर्वी देशों तक बढ़ाया है।

वोल्टिक एक्स और वोल्टिक गो में 48वी उच्च दक्षता वाली, स्प्लैश-प्रूफ बैटरी है जिसमें फास्ट-चार्जिंग क्षमताएं हैं। बाइक को केवल तीन घंटे में पूरी तरह से चार्ज किया जा सकता है और एक बार चार्ज करने पर 40 किलोमीटर तक चल सकती है। वोल्टिक गो आराम और आसानी की तलाश करने वाले सवारों को ध्यान में रखता है। इसका स्टेप-थ्रू फ्रेम डिज़ाइन इसे विशेष रूप से महिला सवारों और उन लोगों के लिए आकर्षक बनाता है जो सुलभता को प्राथमिकता देते हैं। अधिक साहसी लोगों के लिए, वोल्टिक एक्स एक सस्पेंशन फोर्क के साथ एक माउंटेन बाइक-शैली का डिज़ाइन प्रदान करता है, जो शहर की सड़कों और हल्के ऑफ-रोड उपयोग के लिए उपयुक्त है।

दोनों मॉडल बैटरी पर दो साल की वारंटी, बेहतर सुरक्षा के लिए स्वचालित पावर कट-ऑफ वाले दोहरे डिस्क ब्रेक के साथ आते हैं, और भारत के तेजी से बढ़ते शहरों में वहनीय परिवहन विकल्पों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं।

## सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड ने पहुंच को बढ़ावा देने के लिए हैलो मोबाइल्स और कॉमएक्ससेल टेक्नोलॉजीज़ के साथ पार्टनरशिप की

**मुंबई, एजेंसी।** सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड, इनोवेटिव टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस में अग्रणी, अपनी मार्केट प्रेजेंस और डिस्ट्रिब्यूशन रीच का विस्तार करने के उद्देश्य से दो स्ट्रेटिजिक कोलैबोरेशंस की घोषणा करने के लिए उत्साहित है। कंपनी ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में अपने रिटेल फुटप्रिंट्स को बढ़ाने के लिए हैलो मोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ तथा उत्तर प्रदेश में अपने डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क का विस्तार करने के लिए कॉमेक्ससेल टेक्नोलॉजीज़ के साथ पार्टनरशिप की है।

दक्षिण भारत की लीडिंग और सबसे भरोसेमंद रिटेल चेन्स में से एक, हेलो मोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ सेलेकोर गैजेट्स का सहयोग, सेलेकोर की डाइवर्स प्रोडक्ट रेंज की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के ग्राहकों को अब हैलो मोबाइल्स रिटेल आउटलेट्स पर स्मार्ट टीवी, स्मार्ट गैजेट्स, मोबाइल फोन और होम एप्लायंसेज़ सहित सेलेकोर प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला तक सीधी पहुंच प्राप्त होगी। हैलो मोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हैप्पी मोबाइल्स ब्रांड नाम के अंतर्गत 100 से ज़्यादा स्टोर्स के बढ़ते नेटवर्क के साथ काम करता है। कंपनी लीडिंग ब्रांड्स के मोबाइल फोन, एक्सेसरीज़, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और होम एप्लायंसेज की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश पर ध्यान केंद्रित करती है। अपने कस्टमर-सेंट्रिक अप्रोच के लिए मशहूर हैप्पी मोबाइल्स ने खुद को इस क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है और इलेक्ट्रॉनिक रिटेल स्पेस में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

## रिस्पॉन्सिव इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड का भारत सरकार की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर इनिशिएटिव फोकस में योगदान देने का लक्ष्य

**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन गवर्नमेंट के प्रोजेक्ट्स हेतु पीवीसी मेम्ब्रेन (झिल्ली) और सिंथेटिक प्रोडक्ट्स के सबसे बड़े सप्लायर्स में से एक, रेस्पॉन्सिव इंडस्ट्रीज लिमिटेड महत्वपूर्ण बिज़नेस ग्रोथ का साक्षी बनने के लिए तैयार है क्योंकि मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे ने पूरे भारत में 75 टनल प्रोजेक्ट्स के विकास की घोषणा की है। सरकार ने इन इनिशिएटिव्स के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है, जिसका उद्देश्य नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। नए घोषित टनल प्रोजेक्ट्स सरकार की महत्वाकांक्षी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्लान का हिस्सा हैं और इससे हाई-क्वॉलिटी, ड्यूरेबल मटेरियल्स की मांग बढ़ने की उम्मीद है। रिस्पॉन्सिव इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के एक प्रवक्ता ने कहा कि, हम अपनी कंपनी के लिए इसमें मौजूद अपार संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि, हमारे हाई-क्वॉलिटी प्रोडक्ट्स और विशेषज्ञता के साथ पीवीसी मेम्ब्रेन (झिल्ली) की मांग में वृद्धि हुई है।

# सेलविन ने यूएई के सेकोर्बिट एफजेडसीओ के साथ 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एमओयू किया

**अहमदाबाद एजेंसी।** सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड और यूएई की सेकोर्बिट एफजेडसीओ ने ब्लॉकचेइन-आधारित टोकनाइजेशन प्लेटफॉर्म बनाने के लिए 2 मिलियन डॉलर के प्रोजेक्ट के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। प्लेटफ़ॉर्म मौजूदा वित्तीय और ब्लॉकचेइन इकोसिस्टम के साथ स्केलेबिलिटी, सुरक्षा और निर्बाध इन्टिग्रेशन पर ध्यान देने के साथ इक्विटी, बॉन्ड और रियल-वर्ल्ड एसेट्स के टोकनाइजेशन को सक्षम करेगा। सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड अगले 24 महीनों में एक व्यापक ब्लॉकचेइन-आधारित टोकनाइजेशन प्लेटफ़ॉर्म का विकास करेगा, जिसका ऑर्डर सेकोर्बिट एफजेडसीओ को प्राप्त हुआ था।

SELLWIN TRADERS LIMITED

कंपनी के बॉर्ड ऑफ डिरेक्टर्स की बैठक 25 सितंबर, 2024 को होगी, जिसमें शेयरधारक और विनियामक अनुमोदन के अधीन, बोनस शेयर जारी करने और शेयर विभाजन को मंजूरी देने पर विचार किया जाएगा। बॉर्ड ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए संभावित तालमेल और आगे एकीकरण पर केंद्रित एक व्यावसायिक प्रस्ताव की भी समीक्षा करेगा।

कंपनी ने मसाले, दाल, पल्प, चावल, चाय, फल और सब्जियों में विशेषज्ञता वाली कृषि-निर्यात कंपनी एसडीएफ प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किया है। सेलविन को 35-40 प्रतिशत के अच्छे मार्जिन के साथ व्यापार व्यवस्था से रु. 30 करोड़ से अधिक के राजस्व की उम्मीद है। एमओयू के तहत, सेलविन ट्रेडर्स लिमिटेड एसडीएफ प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड को कृषि उत्पादों की आपूर्ति करेगी, जो खरीद ऑर्डर के आधार पर इन उत्पादों को भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में वितरित करेगी। सेलविन भारतीय आपूर्तिकर्ताओं से खरीद के लिए एसडीएफ प्रोडक्शंस को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

## हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड बोर्ड ने स्क्वायर पोर्ट शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड के विलय को सैद्धांतिक मंजूरी दी

**मुंबई, एजेंसी।** इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रैक्टिंग सर्विसेज़ में अग्रणी, हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने स्क्वायर पोर्ट शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड के विलय के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, यह कंपनी अर्थात्हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के साथ दोनों व्यवसायों की ताकत और ताल-मेल को संयोजित करने और सभी स्टेकहोल्डर्स के बेहतर हित में, शेयरहोल्डर्स, लेनदारों, स्टॉक एक्सचेंज, एनसीएलटी , सेबी और अन्य सभी स्टेट्यूटरी/एप्लीकेबल अथॉरिटी के अनुमोदन के अधीन है। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की है कि उसे मुलवाड एफपी में यूज़र शुल्क संग्रह एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से 4.40 किमी से 56.00 किमी तक पैव्ड शोल्डर (बैठाए गए पत्थर) के साथ 2 लेन तक चौड़ीकरण के लिए कर्नाटक राज्य में एनएच 218 बीजापुर हुबली सेक्शन पर कार्य आदेश दिया गया है। पुरस्कृत परियोजना का मूल्य 2.59 करोड़ रुपये है। इससे पहले, कंपनी ने बताया था कि उसे बीजी शिर्के कॉन्स्ट. टेक. प्राइवेट लिमिटेड से पहाड़ी गोरेगांव-1473, शिरधोन-थर्ड, खोनी-1374, नावडे-1449, सीपीडब्ल्यूडी-1447, तलोजा-1415/16, ठाणे-1453 और कनमवारनगर-1180 में स्थित विभिन्न स्थलों की खुदाई के लिए मेसर्स हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ है।

# कलाना इस्पात लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** कलाना इस्पात लिमिटेड, जो उच्च गुणवत्ता वाले स्टील बिलेट्स के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है, अपना प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव खोलने का प्रस्ताव कर रही है, जिसका लक्ष्य 32.59 करोड़ जुटाना है। कंपनी के शेयर एन एसई इमर्ज प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।इश्यू साइज 10 प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 49,38,000 इक्विटी शेयर तक है। इस इश्यू से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग सोलर पावर प्लांट की स्थापना, अहमदाबाद में रोलिंग मिल स्थापित करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह इश्यू 23 सितंबर, 2024 को बंद हो जाएगा। इश्यू के लीड मैनेजर, जावा कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, विभिन्न उद्योगों की गहरी समझ और व्यापक अनुभव लेकर आते हैं। उनकी विशेषज्ञता उन्हें इस इश्यू की जटिलताओं को प्रभावी ढंग से संभालने में सक्षम बनाती है। इश्यू के रजिस्ट्रार, स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड हैं।कलाना इस्पात लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री वर्गीज जोसेफ पोट्टक्केरी ने व्यक्त किया, हमारी कंपनी के एक छोटे धातु स्क्रैप ट्रेडिंग उद्यम से लेकर माइल्ड स्टील और अलॉय स्टील बिलेट्स के अग्रणी निर्माता बनने तक के विकास पर हमें बहुत गर्व है। हमारी स्थापना के बाद से, हमने लगातार प्रगति की है, अपने संचालन और उत्पादन क्षमता को बढ़ाते हुए अपने ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा किया है।

## स्मार्ट टेक्नोलॉजीज ने भारत में लॉन्च किया ट्रांसफॉर्मेटिव इंटरैक्टिव डिस्प्ले फॉर एजुकेशन

**बैंगलोर एजेंसी।** इंटरैक्टिव तकनीक में ग्लोबल स्तर पर अग्रणी स्मार्ट टेक्नोलॉजीज ने दिल्ली में अपना ट्रांसफॉर्मेटिव इंटरैक्टिव डिस्प्ले फॉर एजुकेशन लॉन्च किया है। कंपनी ने स्मार्ट बोर्ड एमएक्स सीरीज और स्मार्ट बोर्ड जीएक्स सीरीज इंटरैक्टिव डिस्प्ले को भी लॉन्च किया है। स्थानीय वितरण भागीदारों, भारतीय विनिर्माण और स्थानीय शिक्षा सामग्री के साथ इंटरैक्टिव टैक्नोलॉजी मार्केट में 35 से अधिक वर्षों के वैश्विक अनुभव के साथ, स्मार्ट स्थानीय रूप से निर्मित, परिणाम-केंद्रित तकनीक के साथ भारतीय स्कूलों को सपोर्ट करने के लिए तैयार है। इस तरह भारत में शिक्षा संबंधी माहौल में व्यापक बदलाव के लिए जमीन तैयार की जाएगी। स्मार्ट के इंटरैक्टिव डिस्प्ले और सॉफ्टवेयर इस तरह से डिजाइन किए गए हैं, ताकि लर्निंग संबंधी अनुभव को और आसान और जीवंत बनाया जा सके। इस तरीके से शिक्षकों का समय बचता है और वे छात्रों को उनके लर्निंग प्रोसेस में शामिल करते हैं। उन्हें स्मार्ट में अद्वितीय सुविधाओं और विकल्पों के साथ इन-हाउस इंजीनियर किया गया है - जिसमें एमएक्स सीरीज के साथ स्मार्ट आईक्यू शामिल है।




## एचडीएफसी बैंक ने 11,000 से अधिक छात्रों और शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया



**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने 11,000 से अधिक छात्रों और शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में जागरूक करने के लिए 150 से अधिक कार्यशालाएँ आयोजित कीं। बैंक ने शिक्षक दिवस के अवसर पर 4 सितंबर से 10 सितंबर के बीच ये विशेष सुरक्षित बैंकिंग कार्यशालाएँ आयोजित कीं गई । बैंक ने पूरे भारत में स्कूल/कॉलेज/शैक्षणिक संस्थानों तक पहुँच बनाई और छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए सुरक्षित बैंकिंग सत्र आयोजित किए। इन इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई ताकि वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार न हों। कार्यशालाओं में वास्तविक जीवन के उदाहरण, कहानियाँ और वीडियो शामिल थे, जिनसे प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न कार्यप्रणाली को समझने में मदद मिली। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है।

भारत-बांग्लादेश पहला टेस्ट



# आर अश्विन ने जड़ा टेस्ट करियर का छठवां शतक

## भारत ने की मजबूत वापसी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वापसी कर ली है। चेन्नई में खेले जा रहे इस मुकाबले के पहले दिन तीसरे सेशन में भारतीय टीम 6 विकेट पर 321 रन बना चुकी है। रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन क्रीज पर हैं। अश्विन ने अपनी सेंचुरी पूरी की। वहीं जडेजा फिफ्टी लगाकर नाबाद हैं। दोनों ने 7वें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी भी पूरी कर ली है। एक समय टीम इंडिया ने 144 पर 6 विकेट विकेट गंवा दिए थे। इससे पहले, ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 56 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 39 रन की पारी खेली। बांग्लादेश के लिए हसन महमूद ने 4 विकेट लिए। मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा ने 1-1 विकेट लिया है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेशी पेसर्स ने शुरुआत से भारतीय पारी को दबाव में रखा। कप्तान रोहित शर्मा 6, शुभमन गिल 0 और विराट कोहली 6 रन बनाकर आउट हुए। इन तीनों का विकेट हसन ने लिया। यहां से जायसवाल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। हसन ने पंत को आउट कर इस पार्टनरशिप को तोड़ा। राहुल का विकेट मिराज ने और जायसवाल का विकेट नाहिद ने लिया।



### भारत का स्कोर 300 पार

भारत का स्कोर 300 पार हो गया है। रविचंद्रन अश्विन ने मेहदी हसन मिराज की बॉल पर 6 लगाकर टीम के 300 रन पूरे किए।

# संग्राम सिंह MMA में डेब्यू के लिए तैयार

## पाकिस्तान के अली रजा नासिर के खिलाफ पहला मुकाबला

**त्बिलिसी (जॉर्जिया), एजेंसी।** जाने-माने पहलवान और कॉमनवेल्थ हैवीवेट कुश्ती चैंपियन संग्राम सिंह यहां यूरोपियन यूनिवर्सिटी में होने वाले गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के अली रजा नासिर के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित मिक्स्ड मार्शल आर्ट पदार्पण के लिए तैयार हैं। अपने पहले MMA मुकाबले की मांगों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 2-3 किलोग्राम वजन बढ़ाने के प्रशिक्षण के बारे में बात करते हुए संग्राम सिंह ने कहा, मेरा मानना है कि तैयारी का हर पल मायने रखता है। मैं इस मुकाबले के लिए सर्वोत्तम संभव आकार में रहना चाहता हूं। हालांकि, यह नई चुनौती अपने साथ कुछ भावनाएं लेकर आई है। उन्होंने कहा, मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता हूं, जो भगवान ने मुझे दिया है। अपने पहले MMA मुकाबले को लेकर अपनी घबराहट के बारे में बात करते हुए संग्राम ने कहा, मैं इसे एक रोमांचक अवसर के रूप में देखता मैं परिणाम की परवाह किए बिना शानदार प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं नर्वस हूं और मैं चाहता हूं कि मेरा डेब्यू एक यादगार मैच हो। मैं जीतने के बारे में इतना जुनूनी नहीं हूं, बल्कि अपने साथियों और प्रशंसकों का सम्मान पाने की उम्मीद कर रहा हूं।



संग्राम MMA में मुख्य फाइट कार्ड के लिए चुने जाने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ 93 किलोग्राम वर्ग की MMA फाइट में अपनी पहली भागीदारी को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, इस तरह के प्रतिष्ठित मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि आप वैश्विक आयोजनों में भाग लेते समय अपने देश को नहीं देखते हैं, तो कुछ कमी है। मैं इस पद पर पहला भारतीय पुरुष पहलवान बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और मेरा लक्ष्य अपने देश को गौरवान्वित करना है। जॉर्जिया में होने वाली चैंपियनशिप में जॉर्जिया, आर्मेनिया, अजरबैजान, पाकिस्तान और यूक्रेन सहित 5 अन्य देश भाग लेंगे। व्यक्तिगत सफलता के अलावा, संग्राम को उम्मीद है कि MMA में उनकी यात्रा भारत के युवाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा, यह खेल उन युवाओं के लिए है जो अपने जुनून को आगे बढ़ाने और सक्रिय रहने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने MMA को युवाओं का खेल बताते हुए कहा, इसमें अनुशासन, फिटनेस और प्रतिस्पर्धा की भावना समाहित है। मुझे उम्मीद है कि मेरी लड़ाई भविष्य में उनके लिए हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा मारे छक्के

## सीपीएल 2024 में 240 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 15 गेंदों में जिताया...

**गयाना, एजेंसी।** आंद्रे रसेल का नाम भी सुना होगा और उनके काम के बारे में भी जानते होंगे. बिल्कुल वैसा ही वो सीपीएल 2024 में 18 सितंबर को खेले मुकाबले में करते दिखे हैं. त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए रसेल ने सिर्फ 15 गेंदों पर मैच जिताने वाली पारी खेली. गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रसेल आखिर तक नाबाद रहे. 240 की स्ट्राइक रेट से खेली अपनी इनिंग के बाद वो ना सिर्फ अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज रहे बल्कि सबसे ज्यादा रन भी उन्होंने ही बनाए.



**रसेल ने खेली मैच पलटने वाली पारी** - गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही. उसके टॉप के 5 विकेट सिर्फ 89 रन पर गिर गए. लेकिन, उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे आंद्रे रसेल ने अपने साथी खिलाड़ी टिम डेविड के साथ मिलकर मैच को पलटने वाली इनिंग खेली.

**टिम डेविड के साथ रसेल ने जोड़े 60 रन** - रसेल और डेविड के बीच छठे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी हुई, जिसने त्रिनिदाद नाइट राइडर्स के लिए मैच जीतने का काम किया. बल्ले से रंग जमाकर इन दो बल्लेबाजों ने मैच में एक वक्त लड़खड़ाती त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की पारी को 4 गेंद पहले ही जीत के दर्शन करा दिए. 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए त्रिनिदाद नाइट राइडर्स ने ये मुकाबला 19.2 ओवर में 5 विकेट से जीता ।

श्रीलंका-न्यूजीलैंड टेस्ट

# श्रीलंका पहली पारी में 305 रन पर ऑलआउट

## कमिंडू का शतक, कुसल की फिफ्टी; विलियम ओरूर्के ने 5 विकेट झटके

न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका पहले टेस्ट के पहली पारी में दूसरे दिन 305 रन पर ऑलआउट हो गई। गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका ने दूसरे दिन गुरुवार को 302/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम 3 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। पहले दिन बुधवार को श्रीलंका ने कमिंडू और कुसल की पारियों के सहारे 7 विकेट पर 302 रन बनाए। कमिंडू मेंडिस ने 114 रन की पारी खेली। उन्होंने करियर की चौथी सेंचुरी लगाई। उनके अलावा कुसल मेंडिस ने 50 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से विलियम ओरूर्के ने 5 विकेट झटके। ग्लेन फिलिप्स और एजाज पटेल ने 2-2 विकेट लिए। यह मुकाबला गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेजबान श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

कमिंडू मेंडिस का शतक बुधवार को पहले सेशन में श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर पथुम निसांका 27 रन और दिमुथ करुणारत्ने 2 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को विलियम ओरूर्के ने पवेलियन भेजा। इसके बाद दिनेश चांदीमल ने 30 और एंजेलो मैथ्यूज ने 36 रन की पारी खेली। चांदीमल को साउथी और मैथ्यूज को विलियम ओरूर्के ने आउट किया। कप्तान धनंजय डी सिल्वा को 11 रन पर ग्लेन फिलिप्स ने आउट किया।



दूसरी छोर से विकेट गिरने के बावजूद कमिंडू मेंडिस ने इंग्लैंड के अपने अच्छे परफॉरमेंस को जारी रखा और अपने करियर का चौथा शतक लगाया। उन्हें 114 रन पर एजाज पटेल ने आउट किया। उनके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 50 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की तरफ से विलियम ओरूर्के ने सबसे ज्यादा 5 और ग्लेन फिलिप्स-एजाज पटेल ने 2-2 विकेट लिए। टिम साउथी को 1 विकेट मिला।

**कमिंडू मेंडिस ने अपने करियर की चौथी सेंचुरी लगाई** - दोनों टीमें 2 पेसर और 2 स्पिनर्स के साथ उतरीं गॉल की पिच पर दोनों ही टीमें 2 पेसर और 2 स्पिनर्स के साथ उतरी हैं। टिम साउदी ने कहा कि हम भी बैटिंग करना चाहते थे। उम्मीद है कि इस पिच पर 5 दिनों का मुकाबला होगा। हम भी 2 तेज गेंदबाज और 2 स्पिनर्स के साथ उतर रहे हैं। हमारे पास कुछ पार्ट टाइम ऑप्शन भी हैं।

# नवदीप सिंह, क्यों ये नाम बना हुआ है सोशल मीडिया सेंसेशन?



**नई दिल्ली ।** कद छोटा है, पर काम बड़े होंगे, ये शब्द नवदीप सिंह के हैं जिन्होंने पेरिस पैरालंपिक में जैवलिन थ्रो (एफ41 इवेंट) में गोल्ड जीता। देश के इस एथलीट का हौसला देख पीएम मोदी भी खुशी से गदगद हुए। पेरिस पैरालंपिक से पहले जो नाम गुमनाम था, आज वही सोशल मीडिया सेंसेशन बना हुआ है। टीवी-अखबार से लेकर पॉडकास्ट तक नवदीप सिंह का जलवा है। गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने खूब वाहवाही बटोरी, लेकिन इस एथलीट का सफर बेहद मुश्किलों से भरा रहा है। टोक्यो पैरालंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले नवदीप का लक्ष्य पेरिस में सिर्फ मेडल था। यहां वो केवल भारतीय जर्सी में नजर आने वाले एक एथलीट थे, लेकिन अब वो भारत समेत पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गए। इस एथलीट को अपनी छोटी हाइट (बौनेपन) के लिए ताना मारा जाता था। इन तमाम चुनौतियों से परेशान होकर एक समय ऐसा था जब वो आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगे थे। लेकिन हर ताने को उन्होंने मोटिवेशन में बदला और खुद को साबित करने की ठानी।



# 634 दिन बार टेस्ट में वापसी कर ऋषभ पंत ने टेस्ट में हासिल किया खास मुकाम

## धोनी के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बने

**चैन्नई, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट मैच के जरिए ऋषभ पंत ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में 634 दिन के बाद वापसी की। टेस्ट में वापसी से पहले पंत ने दलीप ट्रॉफी 2024 में भी अपना हाथ आजमाया था और अच्छा प्रदर्शन किया था। पंत को पहले टेस्ट मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया और उन्होंने पहली पारी में कठिन परिस्थिति में भारत के लिए संघर्षपूर्ण पारी खेली। हालांकि पंत अपनी इस पारी को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाए, लेकिन प्रभावी साबित हुए। अपनी इस पारी के जरिए पंत ने बतौर भारतीय विकेटकीपर 4000 रन पूरे किए और एमएस धोनी के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बने।

### पंत ने पूरे किए 4000 रन

ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 52 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 39 रन की पारी खेली और बतौर विकेटकीपर उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। भारत की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे करने वाले पंत दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत का बतौर विकेटकीपर इंटरनेशनल क्रिकेट में अब टोटल स्कोर 4014 रन हो गया। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 4000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज एमएस धोनी थे। पंत अब धोनी की लिस्ट में शामिल हो गए।

# शतरंज ओलंपियाड: गुकेश की जीत से भारत ने चीन को हराया

**बुडापेस्ट (हंगरी)** विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल चैलेंजर डोमराजू गुकेश ने समय के दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और बुधवार को यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन के सातवें दौर में भारत ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीन को हराकर एकमात्र जीत दर्ज की। भारत ने महिला वर्ग में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसमें वैशाली रमेशबाबू और वंतिका अग्रवाल ने काले मोहरों से जीत हासिल कर टीम को जॉर्जिया की मजबूत टीम को 3-1 से हराने में मदद की। जॉर्जिया 2008 में शतरंज ओलंपियाड का पूर्व विजेता है। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा, जिससे उनके अंकों की संख्या 14 हो गई और वे सात राउंड के बाद स्टैंडिंग में एकमात्र लीडर बने रहे। ओपन सेक्शन में, उज्बेकिस्तान, ईरान और हंगरी ने अपने-अपने मैच जीतकर फिर से प्रतिस्पर्धा में वापसी की। ईरान ने वियतनाम को हराया, जिसने पिछले राउंड में चीन को 2.5-1.5 से हराया था, हंगरी ने लिथुआनिया को इसी अंतर से हराया जबकि उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को 3-1 से हराया। हालांकि, एक दिन के आराम के बाद जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सभी की निगाहें भारत और चीन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थीं। सिंगापुर में होने वाले मेगा मुकाबले से पहले विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के दावेदार डिंग लिरेन और गुकेश के बीच मुकाबला देखने की प्रशंसकों की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं। चीनी टीम ने इस राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन को आराम दिया और यह एक समझदारी भरा कदम लगा, खासकर तब जब डिंग लिरेन छठे राउंड में वियतनाम के ले क्वांग लिम से हार गए थे।

### महिला टीम जॉर्जिया को हराकर अजेय रही




हालांकि उनका सामना विश्व चैंपियन से नहीं हुआ, लेकिन गुकेश फिर भी भारत के लिए स्टार परफॉर्मर रहे क्योंकि उन्होंने पहले बोर्ड पर शीर्ष चीनी ग्रैंडमास्टर वेई यी को हराया। लगभग समान रेटिंग वाले दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में, गुकेश एक ऐसे खेल में विजेता बनकर उभरे जिसमें शुरुआत में उन्हें थोड़ी बढ़त मिली थी, लेकिन चीनी जीएम ने बहादुरी से वापसी की और बढ़त हासिल की।

हालांकि, गुकेश ने बढ़त हासिल करने के लिए कुछ सटीक चालें चलीं और अंततः चीनी खिलाड़ियों की कुछ ढीली चालों का फायदा उठाते हुए 80 चालों में मैच जीत लिया। भारतीय प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर यह रही कि इस दौर में अर्जुन एरिगैसी का 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड समाप्त हो गया, हालांकि वह एक समय शीर्ष-10 खिलाड़ी रहे बु जियांगझी के साथ ड्रॉ के बाद अपराजित रहे। आर प्रग्नानंदा ने यू यांगी के साथ ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती की जगह आए पेंटला हरिकृष्णा को कम रेटिंग वाले वांग यू ने ड्रॉ पर रोका।

महिला वर्ग में, भारतीय टीम ने मजबूत जॉर्जिया टीम को हराकर लगातार सातवीं जीत के साथ अपना अपराजित क्रम बरकरार रखा।

वैशाली ने काले मोहरों से इंटरनेशनल मास्टर लेला जावाखिशविली को हराया जबकि वंतिका अग्रवाल ने उच्च श्रेणी की बेला खोतेनाश्विली को हराया। पहले बोर्ड पर द्रोणवल्ली हरिका ने नाना दजाग्निडेज़ के साथ ड्रा खेला जबकि तीसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख को नीनो बत्सियाश्विली ने ड्रा कराया। लेकिन वैशाली और वर्तिका की जीत ने सुनिश्चित किया कि भारतीय महिलाओं का अपराजित क्रम बना रहे।



# पितरों की आत्मा की शांति के लिए करें मात्र एक ही उपाय

आश्विन माह के प्रथम दिवस 17 सितंबर से श्राद्धपक्ष प्रारंभ हो गए जिन्हें 16 श्राद्ध कहा जाता है। इस दिन पितरों की शांति के लिए तर्पण और पिंडदान के अलावा कई तरह के अनुष्ठान किए जाते हैं। आओ जानते हैं कि कौनसा एकमात्र उपाय करने से पितरों को मिलेगी शंति और पितृदोष होगा दूर।

## पितृ शांति के लिए उपाय

- नियमित रूप से 16 दिन तक गौ माता को घी मिली आटे की लोइयां बनाकर खिलाएं और उनकी पूजा और सेवा करें। हो सके तो हरा चारा खिलाएं।
- यदि उपरोक्त कार्य नहीं कर सकते हो तो श्राद्ध पक्ष में जब भी मंगलवार आए तो उस दिन हनुमान मंदिर जाकर के बजरंगबली को चोला चढ़ाएं और उनसे पितरों की मुक्ति एवं शांति की कामना करें।
- पंचबली कर्म - इसके अलावा आप चाहें तो पंचबलि कर्म भी कर सकते हो। किस भी श्राद्ध तिथि में पंचबलि कर्म अर्थात गाय, कौवे, कुत्ते, चींटी और देवताओं को अन्न जल अर्पित करना चाहिए। ब्राह्मण भोज कराना चाहिए।

## शुभ मुहूर्त

श्राद्धपक्ष में यदि आप पितरों के निमित्त, तर्पण, पिंडदान, पूजा आदि अनुष्ठान कर रहे हैं तो शास्त्रों के अनुसार कुतुप काल मुहूर्त में यह कर्म करें। शास्त्रों के अनुसार कुतुप, रोहिणी, मध्याह्न और अभिजीत काल में श्राद्ध करना चाहिए। यही श्राद्ध करने का सही समय है।

## क्या है कुतुप काल

कुतुप काल दिन के 11.30 बजे से 12.30 के मध्य का समय होता है। वैसे कुतुप बेला दिन का आठवां मुहुर्त होता है। पाप का शमन करने के कारण इसे कुतुप कहा गया है।

# इन 5 स्थानों पर रखें श्राद्ध का आहार

'श्राद्ध' शब्द 'श्रद्धा' से बना है यानी अपने पूर्वजों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करना। श्राद्ध न करने वाले दलील देते हैं कि जो मर गया है उसके निमित्त कुछ करने का औचित्य नहीं है। यह ठीक नहीं है, क्योंकि संकल्प से किए गए कर्म जीव चाहे जिस योनि में हो, उस तक पहुंचता है तथा वह तृप्त होता है। यहां तक कि ब्रह्मा से लेकर घास तक तृप्त होते हैं। श्राद्ध करने का अधिकार सर्वप्रथम पुत्र को है तथा क्रमशः पुत्र, पौत्र, प्रपौत्र, दौहित्र, पत्नी, भाई, भतीजा, पिता, माता, पुत्रवधू, बहन, भानजा तथा सगौत्री कहे गए हैं। इनमें ज्यादा या सभी करें तो भी फल प्राप्ति सभी को होती है।

श्राद्ध में ब्राह्मण भोजन तथा पंचबलि कर्म किया जाता है। पंचबलि में गाय, कुत्ता और कौवा के साथ 5 स्थानों पर भोजन रखा जाता है। वे हैं-

**प्रथम गौ बलि-** घर से पश्चिम दिशा में गाय को महुआ या पलाश के पत्तों पर गाय को भोजन कराया जाता है तथा गाय को 'गौभ्यो नमः' कहकर प्रणाम किया जाता है। गौ देशी होना चाहिए।

**द्वितीय श्वान बलि-** पत्ते पर भोजन रखकर कुत्ते को भोजन कराया जाता है।

**तृतीय काक बलि-** कौओं को छत पर या भूमि पर रखकर उनको बुलाया जाता है जिससे वे भोजन करें।

**चतुर्थ देवादि बलि-** पत्तों पर देवताओं को बलि घर में दी जाती है। बाद में वह उठाकर घर से बाहर रख दी जाती है।

**पंचम पिपलिकादि बलि-** चींटी, कीड़े-मकौड़ों आदि के लिए जहां उनके बिल हों, वहां चूरा कर भोजन डाला जाता है।

श्राद्ध करने का आदर्श समय : मध्याह्न 1130 से 1230 तक है जिसे 'कुतप बेला' कहा जाता है। इसका बड़ा महत्व है।





# तरक्की में बाधा बन सकता है पितृ दोष

## जान लें मुक्ति के उपाय

**सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष एक महत्वपूर्ण अवधि मानी जाती है। पितरों के प्रसन्न होने पर जीवन में सुख-समृद्धि आती है लेकिन इसके विपरीत पितरों के नाराज होने पर व्यक्ति को कई तरह की समस्याएं घेर लेती हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि पितृ दोष होने पर व्यक्ति को क्या संकेत मिलते हैं और इससे किस प्रकार मुक्ति पाई जा सकती है।**

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से पितृपक्ष की शुरुआत मानी जाती है, वहीं इसका समापन आश्विन माह की अमावस्या तिथि पर होता है। ऐसे में इस साल पितृपक्ष की शुरुआत 17 सितंबर 2024 से हो चुकी है, जिसका समापन बुधवार, 02 अक्टूबर को होगा। वहीं पितृ पक्ष की समाप्ति पर यानी 02 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है।

### मिलते हैं ये संकेत

यदि आपके घर में पितृ दोष लग गया है तो व्यक्ति को कड़ी मेहनत के बाद भी सफलता हाथ नहीं लगती। पितृ दोष होने के कारण व्यक्ति की तरक्की भी रुक जाती है। साथ ही कारोबार में भी नुकसान होने लगता है। इतना ही नहीं एक के बाद एक दुर्घटनाएं होने लगती हैं। यह सभी संकेत पितृ दोष होने की तरफ इशारा करते हैं।

### ऐसे पाएं मुक्ति

पितृदोष से मुक्ति के लिए पितृपक्ष की अवधि को सबसे उत्तम माना गया है। ऐसे में आपको पितृ दोष से मुक्ति के लिए पितृ पक्ष में उनका तर्पण, पिंडदान, और श्राद्ध कर्म जरूर करने चाहिए। इसके साथ ही पितरों के निमित्त भोजन और जल निकालें व पितरों का आह्वान कर, उन्हें ये सभी सामग्री अर्पित कर दें। इससे पितरों की नाराजगी दूर हो सकती है।

### पितृ होंगे प्रसन्न

पितृ पक्ष में पीपल के पेड़ की पूजा जरूर करनी चाहिए। मान्यताओं के अनुसार, पीपल के वृक्ष में पितरों का वास होता है। ऐसे में पितृपक्ष के दौरान सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाएं। इसके बाद पीपल के पेड़ में जल अर्पित करें और सात बार परिक्रमा करें। साथ ही वृक्ष के नीचे काले तिल डालकर सरसों के तेल का दीपक जलाएं और पितरों का स्मरण करें। इस उपाय से पितृ प्रसन्न होते हैं।


### इस दिशा में जलाएं दीपक

पितृपक्ष के दौरान आपको पितरों के नाम का दीया जरूर जलाना चाहिए। पौराणिक मान्यता के अनुसार, दक्षिण दिशा पितरों की दिशा मानी जाती है। ऐसे में पितृपक्ष में रोजाना इस दिशा में पितरों के नाम का दीपक जरूर जलाएं। साथ ही पितृ दोष से मुक्ति के लिए जल में काले तिल डालकर दक्षिण दिशा की ओर अर्घ्य देना चाहिए।

# 16 दिनों में न भूलें ये बातें पितरों का करें सम्मान

**श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त घर में क्या कर्म करना चाहिए। यह जिज्ञासा सहजतावश अनेक व्यक्तियों में रहती है। यदि हम किसी भी तीर्थ स्थान, किसी भी पवित्र नदी, किसी भी पवित्र संगम पर नहीं जा पा रहे हैं तो निम्नांकित सरल एवं संक्षिप्त कर्म घर पर ही अवश्य कर लें :**

- प्रतिदिन खीर (अर्थात दूध में पकाए हुए चावल में शक्कर एवं सुगंधित द्रव्य जैसे इलायची, केसर मिलाकर तैयार की गई सामग्री को खीर कहते हैं) बनाकर तैयार कर लें।
- गाय के गोबर के कंडे को जलाकर पूर्ण प्रज्वलित कर लें।
- उक्त प्रज्वलित कंडे को शुद्ध स्थान में किसी बर्तन में रखकर, खीर से तीन आहुति दे दें।
- इसके नजदीक (पास में ही) जल का भरा हुआ एक गिलास रख दें अथवा लोटा रख दें।
- इस द्रव्य को अगले दिन किसी वृक्ष की जड़ में डाल दें।
- भोजन में से सर्वप्रथम गाय, काले कुत्ते और कौए के लिए ग्रास अलग से निकालकर उन्हें खिला दें। इसके पश्चात ब्राह्मण को भोजन कराएं फिर स्वयं भोजन ग्रहण करें। पश्चात ब्राह्मणों को यथायोग्य दक्षिणा दें।





# क्या हैं श्राद्धकर्ता व श्राद्धभोक्ता के लिए शास्त्र के निर्देश

श्राद्ध पक्ष में सभी सनातनधर्मी अपने पितरों के निमित्त श्राद्धकर्म करते हैं। सनातन धर्म के सभी अनुयायियों को अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध अवश्य करना चाहिए। श्राद्ध के दो मुख्य अंग हैं- 1. पिण्डान 2. ब्राह्मण भोजन। हमारे शास्त्रों में श्राद्ध करने वाले (श्राद्धकर्ता) और श्राद्ध में भोजन करने वाले ब्राह्मण (श्राद्धभोक्ता) के लिए कुछ नियम निर्धारित किए हैं। आइए जानते हैं क्या हैं वे नियम-

## श्राद्धकर्ता के लिए नियम

शास्त्रानुसार श्राद्धकर्ता को श्राद्ध वाले दिन निम्न नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना ही चाहिए-

- पूर्णरूपेण सात्विक मनोदशा रखें।
- पान इत्यादि भक्षण ना करें।
- तेल मालिश, दाढ़ी, केशकर्तन इत्यादि ना कराए।
- स्त्री के साथ सहवास ना करें।
- किसी दूसरे के घर अथवा बाहर भोजन ना करें।

## श्राद्धभोक्ता के लिए नियम

शास्त्रानुसार श्राद्धभोक्ता को श्राद्ध वाले दिन निम्न नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना ही चाहिए-

- श्राद्धभोज करने के उपरांत उसी दिन दूसरे घर में दोबारा श्राद्धभोजन ना करें।
- लम्बी यात्रा ना करें।
- श्राद्धभोज वाले दिन दान ना दें।
- स्त्री के साथ सहवास ना करें।
- भोजन करते समय मौन रहकर भोजन करें।

# श्राद्ध किस जगह करें और किस जगह नहीं करें

भाद्रपद की पूर्णिमा से अश्विन माह की अमावस्य तक श्राद्ध पक्ष चलता है जिसे पितृपक्ष भी कहते हैं। यदि आप इस दौरान अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण या पिंडदान करने जा रहे हैं तो यह भी जान लें कि शास्त्रों के अनुसार किस जगह श्राद्ध करना चाहिए और किस जगह पर नहीं। यदि अनुचित जगह पर श्राद्ध किया तो उसका फल नहीं मिलता है।


## पितृपक्ष में कहां श्राद्ध करना चाहिए?

- **घर पर** : श्राद्ध आप अपने घर में भी कर सकते हैं। दक्षिण में मुख करके श्राद्ध किया जाता है।
- **तट पर** : किसी पवित्र नदी, नदी संगम, समुद्र में गिरने वाली नदियों के तट पर उचित समय में विधि-विधान से श्राद्ध किया जा सकता है।
- **बरगद के नीचे** : पवित्र वट-वृक्ष के नीचे भी श्राद्ध कर्म किया जा सकता है।
- **तीर्थ क्षेत्र** : शास्त्रों में उल्लेखित किसी तीर्थ क्षेत्र में भी श्राद्ध किया जा सकता है।
- **समुद्र तट पर** : समुद्र के तट पर भी श्राद्ध किया जा सकता है।
- **गोशाला** : जहां बैल न हों ऐसी गौशाला में भी उचित स्थान को गोबर से लिपकर शुद्ध करके श्राद्ध किया जा सकता है।
- **पर्वत पर** : पवित्र पर्वत शिखर पर भी श्राद्ध किया जा सकता है।
- **जंगल में** : वनों में उचित स्थान, स्वच्छ और मनोहर भूमि पर भी विधिपूर्वक श्राद्ध किया जा सकता है।

## पितृपक्ष में कहां पर श्राद्ध नहीं करना चाहिए?

- **दूसरों की भूमि पर** : किसी की पर्सनल भूमि पर श्राद्ध नहीं करते हैं। भूमि सार्वजनिक होना चाहिए। अगर दूसरे के गृह या भूमि पर श्राद्ध करना पड़े तो किराया या दक्षिणा भूस्वामी को दे देना चाहिए।
- **अपवित्र भूमि** : किसी भी प्रकार से अपवित्र हो रही भूमि पर भी श्राद्ध नहीं करते हैं।
- **शमशान में** : किसी ऐसे शमशान में श्राद्ध नहीं कर सकते हैं जिसे तीर्थ नहीं माना जाता।
- **देव स्थान पर** : किसी मंदिर के अंदर या देवस्थान पर भी श्राद्ध कर्म नहीं करना चाहिए। इसके लिए पंडित से सलाह लें।

# माता-पिता समेत सात पीढ़ियों का उद्धार करता है गयाजी में पिंडदान



**श्राद्ध कर्म या तर्पण करने के भारत में कई स्थान है, लेकिन पवित्र फल्गु नदी के तट पर बसे प्राचीन गया शहर की देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पितृपक्ष और पिंडदान को लेकर अलग पहचान है।**


पुराणों के अनुसार पितरों के लिए खास आश्विन माह के कृष्ण पक्ष या पितृपक्ष में मोक्षधाम गयाजी आकर पिंडदान एवं तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और माता-पिता समेत सात पीढ़ियों का उद्धार होता है।

पितृ की श्रेणी में मृत पूर्वजों, माता, पिता, दादा, दादी, नाना, नानीसहित सभी पूर्वज शामिल होते हैं। व्यापक दृष्टि से मृत गुरू और आचार्य भी पितृ की श्रेणी में आते हैं। कहा जाता है कि गया में पहले विभिन्न नामों के 360 वेदियां थीं जहां पिंडदान किया जाता था। इनमें से अब 48 ही बची है। यहां की वेदियों में विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी के किनारे और अक्षयवट पर पिंडदान करना जरूरी माना जाता है। इसके अतिरिक्त वैतरणी, प्रेतशिला, सीताकुंड, नागकुंड, पांडुशिला, रामशिला, मंगलागौरी, कागबलि आदि भी पिंडदान के लिए प्रमुख है। यही कारण है कि देश में श्राद्ध के लिए 55 स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है जिसमें बिहार के गया का स्थान सर्वोपरि है। आओ जानते हैं इसके 5 कारण।

- गयासुर नामक असुर ने कठिन तपस्या कर ब्रह्माजी से वरदान मांगा था कि उसका शरीर देवताओं की तरह पवित्र हो जाए और लोग उसके दर्शन मात्र से पापमुक्त हो जाएं। इस वरदान के चलते लोग भयमुक्त होकर पाप करने लगे और गयासुर के दर्शन करके फिर से पापमुक्त हो जाते थे। इससे बचने के लिए यज्ञ करने के लिए देवताओं ने गयासुर से पवित्र स्थान की मांग की। गयासुर ने अपना शरीर देवताओं को यज्ञ के लिए दे दिया। जब गयासुर लेटा तो उसका शरीर पांच कोस में फैल गया। यही पांच कोस जगह आगे चलकर गया बना।
- देह दान देने के बाद गयासुर के मन से लोगों को पाप मुक्त करने की इच्छा नहीं गई और फिर उसने देवताओं से वरदान मांगा कि यह स्थान लोगों को तारने वाला बना रहे। तब से ही यह स्थान मृतकों के लिए श्राद्ध कर्म कर मुक्ति का स्थान बन गया।
- कहते हैं कि गया वह आता है जिसे अपने पितरों को मुक्त करना होता है। लोग यहां अपने पितरों या मृतकों की आत्मा को हमेशा के लिए छोड़कर चले जाता है। मतलब यह कि प्रथा के अनुसार सबसे पहले किसी भी मृतक तो तीसरे वर्ष श्राद्ध में लिया जाता है और फिर बाद में उसे हमेशा के लिए जब गया छोड़ दिया जाता है तो फिर उसके नाम का श्राद्ध नहीं किया जाता है। कहते हैं कि गया में श्राद्ध करने के उपरांत अंतिम श्राद्ध बदरीका क्षेत्र के 'ब्रह्मकपाली' में किया जाता है।
- गया क्षेत्र में भगवान विष्णु पितृदेवता के रूप में विराजमान रहते हैं। भगवान विष्णु मुक्ति देने के लिए 'गदाधर' के रूप में गया में स्थित हैं। गयासुर के विशुद्ध देह में ब्रह्मा, जनार्दन, शिव तथा प्रपितामह स्थित हैं। अतः पिंडदान के लिए गया सबसे उत्तम स्थान है।
- पुराणों अनुसार ब्रह्मज्ञान, गयाश्राद्ध, गोशाला में मृत्यु तथा कुरुक्षेत्र में निवास- ये चारों मुक्ति के साधन हैं- गया में श्राद्ध करने से ब्रह्महत्या, सुरापान, स्वर्ण की चोरी, गुरुपत्नीगमन और उक्त संसर्ग-जनित सभी महापातक नष्ट हो जाते हैं।



# कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म की हीरोइन होंगी तृप्ति डिमरी



कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। उनकी म्यूजिकल लव स्टोरी की हीरोइन तृप्ति डिमरी होंगी। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु करेंगे। अब जबकि इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग खत्म होने के बाद इसके पोस्ट प्रोडक्शन के काम ने तेजी पकड़ ली है, फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन ने अपनी अगली फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। फिल्म की हीरोइन को लेकर भी बादल करीब करीब पूरे छंट चुके हैं। और, वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के प्रीमियर पर सारा अली खान का कार्तिक से गले मिलना, पुराने दिनों को फिर से ताजा करने की कोशिश करना और अपने पुराने प्रेम को फिर से सुर्खियों में लाने की कोशिश करना सब बेकार हो गया है। कार्तिक आर्यन की इस म्यूजिकल लव स्टोरी की हीरोइन तृप्ति डिमरी ही होंगी, ये खबर 'अमर उजाला' ने ही सबसे पहले आपको दी थी और अब खबर ये है कि इस फिल्म की शूटिंग इसी महीने के आखिर में शुरू होने जा रही है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु हैं और ये वही फिल्म है जिसके नाम को लेकर मामला अदालत तक पहुंच चुका है और जिसके नाम में 'आशिकी' शब्द के इस्तेमाल को लेकर फिल्म निर्माता कंपनी टी सीरीज की विशेष फिल्म्स से ठनी हुई है। महेश भट्ट अब अपने भाई मुकेश भट्ट की इस कंपनी से अलग हो चुके हैं। उनके शागिर्द रहे अनुराग बसु ने 'आशिकी 3' के नाम से शुरू हुई इस फिल्म का प्री प्रोडक्शन करीब करीब पूरा भी कर लिया है। फिलहाल ये फिल्म अनाम है। इस फिल्म में भी पहले की दोनों फिल्मों की तरह संगीत सबसे अहम होगा और सूत्र बताते हैं कि संगीतकार प्रीतम ने फिल्म के लिए करीब एक दर्जन गाने बनाकर टी सीरीज के सीएमडी और इस फिल्म के निर्माता भूषण कुमार को सुना भी दिए हैं। उधर, तृप्ति साथ इन दिनों राजकुमार राव के साथ बनी अपनी फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का प्रचार भी करती दिख रही हैं। इसके एक कार्यक्रम में हाल ही मे जिस तरह फोटोग्राफर्स राजकुमार राव को हक्का बक्का छोड़ तृप्ति की तरफ भागे, उससे इस बात का भी इशारा मिलता है कि तृप्ति का ताप अभी और बढ़ने वाला है।



# बे बन फिर धमाल मचाएंगी अनन्या पांडे, प्राइम वीडियो ने किया कॉल मी बे सीजन 2 का आधिकारिक एलान

हाल ही में रिलीज हुई अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज कॉल मी बे को समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। अनन्या पांडे की मुख्य भूमिका वाले इस शो ने 6 सितंबर को रिलीज होने के बाद से काफी लोकप्रियता हासिल की। वहीं, अब निर्माताओं ने इसके दूसरे सीजन की पुष्टि कर दी है, जिसने शो के प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्राइम वीडियो ने एक्स पर शो के दूसरे सीजन की आधिकारिक घोषणा की। हैंडल ने एक वीडियो असेंबल पोस्ट किया जिसमें अनन्या पांडे और सीजन एक के अन्य कलाकार वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त और लिसा मिश्रा शामिल हैं, जो दर्शाता है कि वे अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा गया है, बेला एक नए सीजन के साथ हमें फिर से लुभाने आ रही है। वीडियो घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, इंतजार नहीं कर सकता। एक अन्य ने टिप्पणी की, बे की दोगुनी खुराक। एक तीसरे प्रशंसक ने लिखा, मेरा पसंदीदा शो वापस आने वाला है। एक टिप्पणी में यह भी लिखा था, इसके लिए काफी बे-करार। सीरीज में अनन्या पांडे ने बेला उर्फ बे चौधरी का किरदार निभाया है। कहानी उन्हीं के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक आलीशान जिंदगी जीती थी और अब मुंबई में अपने नए जीवन के साथ तालमेल बिठाने के लिए संघर्ष कर रही है। कॉल मी बे का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। इसमें अपूर्व मेहता, सोमेन मिश्रा और करण जौहर कार्यकारी निर्माता हैं। इस सीरीज की कल्पना इशिता मोइत्रा ने की थी जिन्होंने इसे समीना मोटलेकर और रोहित नायर के साथ मिलकर लिखा है। कॉलिन डीकुन्हा ने इस सीरीज का निर्देशन किया। कॉल मी बे वर्तमान में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है और इसे इसके मूल हिंदी संस्करण के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी देखा जा सकता है। काम के मोर्चे पर, कॉल मी बे 2 के अलावा अनन्या पांडे के पास कई अन्य प्रोजेक्ट भी हैं। वह समत के साथ फिल्म सीटीआरएल में नजर आएंगी। विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित यह फिल्म 4 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# कभी लंगड़ा त्यागी तो कभी उदयभान, जानें कब-कब पर्दे पर विलेन बनकर छाए सैफ अली खान

**सैफ अली खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली कलाकारों में से एक हैं। उन्होंने कई फिल्मों से खुद को सबसे बेहतरीन अभिनेता के रूप में साबित किया है। हीरो के साथ खलनायकी के रोल से भी उन्होंने लोगों पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। वह जल्द ही फिल्म देवरा में एक बार फिर से नकारात्मक भूमिका में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी वह बड़े पर्दे पर विलेन बनकर दर्शकों पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ चुके हैं। आइए उन फिल्मों के बारे में जानते हैं ...**

### आदिपुरुष

पिछले साल यानी 2023 में रिलीज हुई फिल्म आदिपुरुष भले ही लोगों को पसंद नहीं आई, लेकिन सैफ ने इस फिल्म में बेहतरीन अदाकारी दिखाई थी। फिल्म में उनके किरदार का नाम लंकेश था। इस फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया था। सैफ के अलावा इसमें प्रभास, कृति सेनन, सैफ अली खान, सनी सिंह और देवदत्त नागे भी थे।

### तान्हाजी

फिल्म तान्हाजी में अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, लेकिन अपने नकारात्मक रोल से सैफ अली खान पर्दे पर छा गए थे। उदयभान सिंह राठौड़ के किरदार में उन्होंने खूब वाहवाही बटोरी थी। फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया था। इसमें काजोल और शरद केलकर ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं।

### ओमकारा

ओमकारा में लंगड़ा त्यागी का किरदार निभाकर सैफ ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। देशभर में उनके इस किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा था। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, कोंकणा सेन शर्मा, विवेक ओबेरॉय और बिपाशा बसु भी थे। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म सफल रही थी।

### एक हसीना थी

सैफ ने साल 2004 में पहली बार विलेन का किरदार निभाया था। एक हसीना थी में सैफ एक बेरहम प्रेमी की भूमिका में थे। उर्मिला मातोंडकर इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री थीं। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आदित्य श्रीवास्तव और सीमा बिस्वास थीं। फिल्म में सैफ की अदाकारी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

# ऐश्वर्या राय की तारीफ में बोले अभिनेता चियान विक्रम

अभिनेता चियान विक्रम और अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन काफी अच्छे दोस्त हैं। दोनों ने साल 2010 में आई फिल्म रावण में साथ में काम किया था। तेलंगाना अभिनेता अक्सर ऐश्वर्या राय की तारीफ करते नजर आते हैं। एक बार फिर उन्होंने ऐश्वर्या के काम, उनके डांस और साउथ सिनेमा में उनकी छाप को लेकर बात की है। ऐश्वर्या राय के लिए अभिनेता चियान विक्रम ने कहा, उसने हमेशा सभी का दिल चुराया है। ऐश हमेशा उस पूर्णता की तस्वीर का प्रतीक रही हैं जिसे हम देखते हैं। मैंने हमेशा उनकी फिल्में देखी हैं और यह सिर्फ उनकी फिल्मों और उनकी सुंदरता के बारे में नहीं था। यह इस बारे में था कि वह किस चीज के लिए खड़ी थीं। उन्हें हमेशा देखा जाता है, उन्हें हमेशा परफेक्ट रहने की जरूरत होती है और उन्होंने इसे स्टाइल में किया है। ऐश्वर्या राय के नृत्य की तारीफ की चियान ने कहा, यह एक ईमानदार स्वीकारोक्ति है। वह बहुत खूबसूरती से नृत्य करती है। मैं उनके प्रशंसकों में से एक हूं और उनके साथ काम करना बहुत खुशी की बात है और उन्हें फिर से देखना बहुत अच्छा है। नंदिनी, निश्चित रूप से, एक बहुत ही मजबूत चरित्र है और वह विरोधी नहीं है। चियान ने कहा कि जब ऐश्वर्या मिस वर्ड के स्टेज पर उतरी थीं तो एक बार लड़खड़ाई थीं, हालांकि बाद में उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ फिर से रैंप पर उतरकर शांती और शालीनता से वॉक किया था।



# एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी के लिए खुद पर दबाव बना रहे हैं वीर दास, शो के लिए खुद लिखेंगे अपने संवाद

भारतीय कॉमेडियन सह अभिनेता वीर दास इस बार एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी करने वाले हैं, जिसे लेकर उन्होंने अपनी तैयारियों का जिक्र किया है। उन्होंने कहा है कि वो इसके लिए खुद पर दबाव डाल रहे हैं और इसके लिए खुद लिखने वाले हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर भारतीय कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास इस बार 52वें अतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी करने वाले हैं। वह इस साल 25 नवंबर को न्यूयॉर्क में एमी अवॉर्ड्स को होस्ट करते नजर आएंगे। उन्होंने पिछले साल अपनी लोकप्रिय कॉमेडी वीर दास-लैंडिंग के लिए एमी अवॉर्ड्स जीता था। अब वह प्रतिष्ठित शो की मेजबानी करेंगे, जो किसी भी कलाकार के लिए काफी सम्मान की बात है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बन गए हैं। अब उन्होंने इस शो को लेकर अपनी तैयारियों पर बात की है तथा वो क्या-क्या करने पर सोच रहे हैं, इसे लेकर जानकारी दी है। मशहूर कॉमेडियन ने कहा कि भले ही इसकी घोषणा अभी हुई है, लेकिन उन्हें इसके बारे में बीते कुछ महीनों से पता है। उन्होंने कहा है कि वह इसे सही कर पाए, तो जश्न मनाएंगे। अभिनेता इसे लेकर अपनी तैयारियों की चर्चा करते हुए कहा, मैं अब खुद पर दबाव डालना शुरू कर रहा हूं, मैं इसे खुद लिखने वाला हूं। चुटकुले कई तरह की चीजों से भरे होंगे। यह अमेरिकी चुनावों के कुछ सप्ताह बाद होगा, तब तक दुनिया में बहुत कुछ हो चुका होगा। उन्होंने आगे कहा कि दर्शकों में कई नामांकित व्यक्ति और कंटेंट निर्माता होंगे, जिनके बारे में मैं वो बात करना चाहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह इस मौके को बहुत अच्छे से भुनाना चाहते हैं।

### कॉल मी बे में आए हैं नजर

वीर दास के लिए ये महीना काफी शानदार घटा है। इस महीने उनकी वेब सीरीज रिलीज कॉल मी बे हुई, जिसमें अनन्या पांडे भी नजर आई थीं। इस सीरीज में वह टीआरपी के भूखे न्यूज एंकर की भूमिका में नजर आए हैं। अपने इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा,जब आप धर्मा के शो के बारे में सोचते हैं, तो आप सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचते। मैं अपने किरदार को किसी पत्रकार का यूट्यूब वर्जन नहीं बनाना चाहता था। इसलिए, कॉलिन और मैंने उसे कैमरे के सामने एक बदमाश की तरह बनाया, जबकि कैमरे के बाहर उसे एक बेवकूफ की तरह दिखाया।





# इस पॉप आइकन की बायोपिक बनाना चाहते हैं संदीप रेड्डी वांगा

संदीप रेड्डी वांगा ने अर्जुन रेड्डी, कबीर सिंह और एनिमल जैसी फिल्मों का निर्माण कर अपार सफलता हासिल की है। इसी बीच निर्माता प्रभास के साथ अपनी अगली फिल्म स्पिरिट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं, अब वांगा ने एक बायोपिक बनाने की दिली इच्छा जाहिर की है। निर्देशक, अंतर्राष्ट्रीय पॉप आइकन माइकल जैक्सन की बायोपिक बनाना चाहते हैं। इस खुलासे ने प्रशंसकों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है। संदीप रेड्डी वांगा ने हाल ही में गलाटा प्लस पर बरद्वाज रंगन से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं किसी दिन एक बायोपिक करना चाहता हूं। वांगा ने अपनी बात में आगे जोड़ा, मैं माइकल जैक्सन की बायोपिक का निर्देशन करना चाहूंगा। लेकिन सवाल ये है कि उनका किरदार कौन निभाएगा, अभिनेता कौन होगा?

संदीप रेड्डी वांगा ने आगे कहा, उन्होंने बचपन से लेकर अपनी स्कूली शिक्षा और कैसे उन्होंने अपनी त्वचा का रंग बदला सब कुछ बहुत दिलचस्प रहा है। यह एक शानदार यात्रा और एक बेहतरीन कहानी है। लेकिन सही अभिनेता कौन होगा, यह सवाल है। वह एक सपना होगा और हर कोई टिकट खरीदेगा। जो कोई भी इसे निर्देशित करेगा, मैं टिकट खरीदूंगा और इसे देखूंगा क्योंकि मैं जानना चाहता हूं। स्पिरिट की बात करें तो, संदीप रेड्डी वांगा ने खुद खुलासा किया था कि यह फिल्म इस साल के अंत में रिलीज होगा। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, फिल्म में प्रभास एक गुस्सैल युवा पुलिस वाले की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म संदीप के स्टाइल में होगी, जिसमें हिंसा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। फिल्म को टी-सीरीज बैनर के तहत कबीर सिंह और एनिमल निर्माता भूषण कुमार के जरिए बैंकरोल किया जाएगा। वहीं, एनिमल की भारी सफलता के बाद फिल्म के सीक्वल एनिमल पार्क की आधिकारिक घोषणा की गई। चर्चा है कि, फिल्म निर्माता संदीप रेड्डी वांगा 2026 में फिल्म पर काम करना शुरू करेंगे। जानकारी हो कि 1 दिसंबर, 2023 को रिलीज हुई फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी।

# मेरे लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है

मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह मुगालते को इंसान के लिए बड़ा खतरा मानती हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में अनुशासन को अपने लिए काफी महत्वपूर्ण बताते हुए लोगों को मुगालते में न रहने की सलाह दी है। रकुल ने पॉडकास्ट के लिए बात करते हुए कहा, मेरे लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि अगर मैं हर रात दो बजे सो रही हूं और सुबह 10 बजे उठ रही हूं, तो मैं यह कैसे उम्मीद कर सकती हूं कि मुझे जो चाहिए वह मिलेगा। मैं सुबह छह बजे उठती हूं, काम पर जाती हूं, जैसा प्रयास करती हूं, वैसा होता है। कायनात उसे संभव बनाती है। इसके अलावा रकुल ने हमेशा तैयार रहने के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, अगर आप उस तरह का काम पाने के लिए तैयार नहीं हैं जो आप करना चाहते हैं, तो आपको वह कभी नहीं मिलेगा। जैसा कि कहा जाता है, हमेशा ऐसे जियो जैसे कि तुम्हें वह मिल चुका है... लेकिन मुझे यह सब नहीं पता था, मुझे यह सब बाद में पता चला। लेकिन मेरी आर्मी में परवरिश की बदौलत, मेरी जीवनशैली वैसी ही थी और फिर मुझे भी लगता है कि भ्रम में न रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, आपने बहुत अच्छी बात कही कि आपको आलसी नहीं होना चाहिए और मैं खुद भी आलसी नहीं थी। आप जानते हैं कि शायद लोगों को लगेगा कि यहां बैठकर यह कहना बहुत आसान है, लेकिन अगर किसी ने आपकी आलोचना की तो उसे स्वीकार करना चाहिए और कहना चाहिए कि हां, शायद मैं अच्छी नहीं थी।



# भाजपा को विश्वगुरू बनाने में पीएम का सहयोग करें: त्रिवेंद्र रावत






**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा क चल रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत नोएडा के सेक्टर–71 स्थित जनता फ्लैट में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार से सांसद त्रिवेंद्र रावत एवं गौतमबुद्धनगर सांसद डा महेश शर्मा भाजपा पश्चिमी क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया एवं नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता रहे। त्रिवेंद्र रावत ने नोएडा में सभी के साथ सम्मिलित होकर स्थानीय लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलवाई।

उन्होंने बताया सदस्यता अभियान के तहत कोई भी देशवासी 8800002024 पर मिस्ड कॉल देकर या नमो ऐप के माध्यम से आसानी से पार्टी का सदस्य बन सकता हैं। आज जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को विश्व गुरु बनने के लिए तत्पर हैं और उसी दिशा में कार्यरत हैं हम उनको उनके इस महाअभियान में सदस्यता के माध्यम से सहभागिता निभा सकते हैं।

इस मौके पर महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह,पूनम सिंह, युदवीर चौहान, गिरीश कोटनाला, विनोद शर्मा, एसपी चमोली, प्रमोद बहल, मुकेश शर्मा, पंकज झा, विवेक मिश्रा, रवि मिश्रा, अमित नागपाल, उमेश यादव, मीनाक्षी चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नोएडा–ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 5 अफसरों पर गाज, हुए सस्पेंड

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के नोएडा–ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से जुड़ी बड़ी खबर आई है। शासन ने तबादला आदेश न मानने पर नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पांच अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। दोनों प्राधिकरणों के 5 अधिकारियों को सस्पेंड करने के आदेश औद्योगिक विकास अनुभाग–4 के संयुक्त सचिव जयवीर सिंह ने जारी किए हैं।

नोएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार तबादला आदेश न मानने वाले अधिकारियों पर कड़ा एक्शन ले रही है। आज ही शासन ने यमुना विकास प्राधिकरण के डीजीएम (सिविल) राजेन्द्र भाटी को सस्पेंड किया था। यीडा में तैनात डीजीएम ने शासन के आदेशों की अवहेलना करते हुए तबादला हो जाने के बाद नया पदभार ग्रहण नहीं किया था।

### नोएडा–ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 5 अधिकारी सस्पेंड

शासन द्वारा तबादला आदेश न मानने और अपने पदों पर बने रहने वाले नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 5 अधिकारियों को शासन ने सस्पेंड कर दिया है। इन अधिकारियों ने शासन द्वारा बीते वर्ष–30 जून 2023 को जारी तबादले के आदेशों की अवहेलना की और पिछले एक वर्ष से ज्यादा समय तक नया पदभार ग्रहण नहीं किया। शासन ने जिन अधिकारियों को सस्पेंड किया है। उनमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक गुरविंदर सिंह, आर.ए. गौतम, नोएडा प्राधिकरण में तैनात वरिष्ठ प्रबंधक आर.के. शर्मा, यूपीएसआईडीसी में तैनात के.एन. श्रीवास्तव तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) रामआसरे शामिल है। नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक आर.के. शर्मा नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के खण्ड–2 में तैनात थे।

### शासन ने पहले भी लिया था एक्शन

शासन द्वारा तबादला आदेश न मानने पर पहले भी नोएडा व ग्रेटर नोएडा तथा यमुना विकास प्राधिकरण में तैनात अधिकारियों को सस्पेंड किया था। वहीं नोएडा प्राधिकरण में तैनात 3 अधिकारियों के खिलाफ जांच के भी आदेश दिए थे। शासन के इस एक्शन के बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना विकास प्राधिकरण व अन्य प्रशासनिक विभागों में हड़कंप मच गया है।

# सीबीडी ग्राउंड में जैन मेले का आयोजन 21 सितम्बर से

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के कड़्कड्डूमा स्थित सीबीडी ग्राउंड में जैन युवा क्लब रजि. द्वारा जैन मेले का आयोजन 21 सितम्बर से 26 सितम्बर 2024 तक किया जाएगा। जैन युवा क्लब के मेला मंत्री दीपक जैन ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार मेला जो 21 सितम्बर से शुरु होगा जो 26 सितम्बर 2024 तक चलेगा, 6 दिन तक उत्सव का माहौल रहेगा। इस मेले को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष सतीश जैन, संयोजक गौरव जैन, महामंत्री रवि जैन व मेला मंत्री दीपक जैन सहित क्लब के अन्य गणमान्य लोग पूरी मेहनत कर रहे हैं।

उन्होंने बताया की सीबीडी ग्राउंड में सैकड़ों गाडियों के पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। सैकड़ों लोगों के बैठने की व्यवस्था भी रहेगी, वहीं मेले का भी आयोजन जाएगा। मेला मैदान में जगह जगह एलईडी स्क्रील लगाई जाएगी, जिससे लोग मेले में होने वाले कार्यक्रम देख देख सकें। जैन मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया भी किया जाएगा।

जैन युवा क्लब द्वारा डांडिया नाईट, मेला सहित कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें कई स्टॉल लगाए जाएंगें। मेले में हर प्रकार के झूले होगें, जो कि बच्चों के लिए आकर्शण का केन्द्र रहेगें।

जैन मेले के पहले दिल डांडिया नाईट, दूसरे दिन रेणुका पंवार का लाइव षो, तीसरे दिन श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान व मां पद्मावती आराधना, चौथे दिन शहीदों को श्रद्वांजलि, पांचवे दिन कलर ऑफ इंडिया थीम पर नृत्य नाटिका तथा आखिरी दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# शीर्ष अफसरों के समक्ष फोनरवा ने समस्याएं रखीं

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने को फेडरेशन ऑफ नोएडा




रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) ने पुलिस उपायुक्त राम बदन सिंह व डिसीपी ट्रैफिक यमुना प्रसाद सिंह के साथ बैठक का आयोजन फोनरवा कार्यालय सेक्टर–52 में किया। इस बैठक में सहायक पुलिस उपायुक्त मिस शव्या गोयल, प्रवीण कुमार सिंह,मिस ट्विंकल जैन सहायक पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक हेमंत उपाध्याय तथा अन्य अधिकारी और 60 से अधिक आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने भाग लिया। ज्यादातर आरडब्लूए के पदाधिकारियों की शिकायत रही कि उनके सेक्टर में पेट्रोलिंग बहुत कम होती है इसके अलावा आरडब्लूए के साथ बहुत लंबे समय से संबंधित चौकी प्रभारी और थानेदार के साथ मीटिंग नहीं हो रही है। सेक्टरों में वेंडिंग जोन के अलावा हॉकर,ठेले आदि लग जाते हैं जिससे कि अंदर सेक्टरों की सड़कों में जाम लग जाता है। इसके अलावा साप्ताहिक बाजारों से होने वाली समस्याएं सेक्टरों में पी जी और गेस्ट हाउस की समस्या, सेक्टर में चौकी बनाने की मांग की।

पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया की आरडब्ल्यूए के साथ पुलिस विभाग समन्वय स्थापित करेगा और इसके लिए हर महीने पुलिस थाने लेवल पर तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संबंधित आरडब्ल्यूए के साथ हर महीने मीटिंग की जाएगी। नई चौकी स्थापित करने के संबंध में उन्होंने कहा कि इस पर विचार करेंगे और जहां पर जरूरत होगी वहां पर नई चौकी बनवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बैंडिंग जॉन और अतिक्रमण की समस्याएं नोएडा में बहुत हो गई है उसको नोएडा प्राधिकरण के साथ ठीक करने का प्रयास किया जाएगा। सेक्टरों में बने अनऑथराइज्ड पी जी और गेस्ट हाउस की जांच करवाई जाएगी।

# ऑटो में सवारियों को लूटने वाला चालक गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ऑटो रिक्शा में सवारियों को बैठाकर

### लूटा गया मोबाइल, जेवरात व नकदी बरामद



उनका सामान चोरी करने वाले एक गैग के शातिर बदमाश को थाना सेक्टर–63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थाना सेक्टर–63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि थाना पुलिस ने 19 सितंबर को छीजारसी गांव के पास से वसीम उर्फ राकेश पुत्र इरफान को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 1,100 नकद, एक मोबाइल फोन, एक जोड़ी पाजेब, एक जोड़ी कान के टॉप्स, अवैध चाकू, चोरी का एक मोबाइल फोन तथा चोरी का एक ऑटो रिक्शा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी लोगों को सवारी के रूप में ऑटो रिक्शा में बैठता है। उनसे उनका मोबाइल फोन, बैग और अन्य कीमती सामान हथियार के बल पर लूट लेता है। उन्होंने बताया कि इस बदमाश ने लूटपाट और चोरी की दर्जनों वारदाते करनी स्वीकार की है।

उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ पूर्व में चोरी, गैंगस्टर, लूटपाट सहित विभिन्न धाराओं में 24 मुकदमे पूर्व में दर्ज है।

# 'गंगाजल की आपूर्ति पर ही निर्भर न रहे प्राधिकरण'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के आवासीय सेक्टरों में गंगाजल की सप्लाई पर ही निर्भर न रहते हुए नोएडा प्राधिकरण पानी सप्लाई के अन्य विकल्पों पर भी काम करे। इस संबंध में आरडब्ल्यूए फेडरेशन सेक्टर–34 ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।



फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर–34 के महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अक्टूबर एवं नवंबर माह में गंग नहर में सिल्ट की सफाई के लिए गंगाजल की सप्लाई बंद रहती है और आने वाले दोनों महीने त्योहारी सीजन है जिसमें पानी की और अधिक आवश्यकता होती है ।

श्री शर्मा ने प्राधिकरण के महाप्रबंधक (जल) को दिये ज्ञापन में कहा चूँकि सेक्टर–34 में काफ़ी मात्रा में गंगाजल की सप्लाई की जाती है और आम दिनों में ही गंगाजल की सप्लाई बाधित होने पर हमारे सेक्टर में पानी की सप्लाई काफ़ी अधिक प्रभावित हो जाती है। दूसरे एवं तीसरे तल के निवासियों को तो बिलकुल पानी नहीं मिल पाता है और जिन निवासियों के वाटर टैंक छत पर है उनके वाटर टैंक तक भी पानी नहीं पहुँच पाता है। इसलिए गंगाजल की आपूर्ति पर पूरी तरह निर्भर ना होते हुए अन्य वैकल्पिक व्यवस्था रैनीवेल,ट्यूबवेल आदि से करने के लिए तत्काल निर्देश दिए जाएं ताकि सेक्टरवासियों को परेशानी न हो।

# योगी राज में कांपते हैं गुंडे और माफिया: रावत

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में खोड़ा नगर




पालिका क्षेत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन दिवस के अवसर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा और सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर्वतीय समाज संवाद कार्यक्रम में सदस्यता कराने पहुंचे।

पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इस अवसर पर कहा कि हमें अधिक से अधिक सदस्यता कराते हुए मोदी और योगी सरकार के देश प्रदेश को विकसित कराने के एजेंडे से जुड़ना है। भाजपा परिवार का सदस्य बन कर भाजपा को मजबूत करना है।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सीएम योगी की कानून व्यवस्था में गुंडे और माफिया कांपते हैं। वो चाहे राजनीति में हों या किसी भी व्यवसाय में। योगी के राज में कानून व्यवस्था बेहतर है और महिलाएं सुरक्षित हैं. यूपी में कानून का राज कायम है और कानून से खिलवाड़ करने की किसी को इजाजत नहीं है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के माफिया और मठाधीश वाले बयान पर कहा कि अखिलेश यादव बौखला गए हैं और स्वयं से परेशान हैं।

इस मौके पर बीजेपी क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, डॉ. अशोक नागर, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, महानगर उपाध्यक्ष चमन चौहान, अभियान सह संयोजक संदीप त्यागी, पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, योगेश भाटी, मंडल अध्यक्ष जयपाल पुंडीर, अवधेश यादव, आनंद बल्लभ पांडे, स्थानीय सभासद सहित बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# कैंटर ने बच्चे को रौंदा, विरोध में शव रखकर जाम लगाया

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस–3 क्षेत्र के सेक्टर–67 में एक तेज रफ्तार कैंटर ने सडक



किनारे खेल रहे आठ साल के मासूम को कुचल दिया। इस हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच आरोपी चालक मौके से कैंटर छोड़कर भाग गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम में मच गया। गुस्साए परिजनों ने शव को सडक पर रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। प्रदर्शन करने वालों ने आक्रोश में आकर पथराव भी किया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर आक्रोशित लोगों की भीड़ का तितर–बितर किया। पुलिस अधिकारियों ने हालांकि पथराव की घटना से इंकार किया है।

देर शाम तक शव रख कर प्रदर्शन कर रहे परिजनों व पुलिस अधिकारियों के बीच वार्ता का दौर चला और आरोपी चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे का आश्वासन मिलने के बाद परिजनो ने शव पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए सौंप दिया। एहतियात के तौर पर घटनास्थल के आसपास थाना फेस–3 के अलावा आसपास के थानों का पुलिस बल भी तैनात रहा।

थाना फेस–3 के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि गुरूवार की शाम को सेक्टर–67 में सड़क के किनारे बनी झुग्गी–बस्ती में रहने वाले बेलदार दयानंद का 8 साल का बेटा खेल रहा था। खेलने के दौरान वह एक कैंटर की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी के मुताबिक शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# उत्तर प्रदेश चौक बॉल टीम की घोषणा, राजस्थान में होगा टूर्नामेंट

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** 15वीं सीनियर राष्ट्रीय चौक बॉल प्रतियोगिता 22




सितंबर से 25 सितंबर 2024 तक कामधेनु पब्लिक स्कूल, नागौर (राजस्थान) में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधित्व के लिए 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर भागीरथ पब्लिक स्कूल, राजनगर,गाजियाबाद में आयोजित किया गया।

भागीरथ पब्लिक स्कूल में विशेष प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश टीम की घोषणा की गई और चयनित महिला व पुरुष खिलाड़ियों को स्कूल के सभागार में कीट व ट्रैकसूट आदि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सत्यवीर सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर दिव्या नर्सिंग होम, अति विशिष्ट अतिथि अनादि शुक्ल, डायरेक्टर भागीरथ पब्लिक स्कूल, अति विशिष्ट अतिथि राकेश कटारिया श्रीनाथजी इंटरप्राइजेज, अति विशिष्ट अतिथि राजीव कुमार डायरेक्टर लर्निंग ट्विस्ट प्री स्कूल, श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव प्रधानाचार्य भागीरथ पब्लिक स्कूल, विशिष्ट अतिथि राहुल देव महासचिव उत्तर प्रदेश ड्रॉप रोबॉल एसोसिएशन, मंगल चौधरी सचिव गौतमबुद्धनगर, अखिल शर्मा डायरेक्टर सार्थक पब्लिक स्कूल, श्रीमती रीना तोमर प्रधानाचार्य लर्निंग ट्वीट प्री स्कूल, सचिन शर्मा एग्जीक्यूटिव मेंबर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अशोक नागर महासचिव उत्तर प्रदेश चौकबॉल नरेश चौधरी, अंकुर, श्रीमती अंबिका त्यागी आदि गनमान्य उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के लिए पुरुष वर्ग में दिव्यांश जायसवाल, अभिनव चौधरी, लकी कुमार, कृष्ण शर्मा, आदित्य चौहान, मयंक चौधरी, लक्ष्य चौधरी, दिव्यांश आनंद, अभिनव चौधरी, समीर मोहम्मद शाद, सूरज, सुहेल, अंजू, टीम कोच– निशांत, टीम मैनेजर – साहिल।

प्रतियोगिता के लिए महिला वर्ग में जसलीन, प्रज्ञा दीक्षित, प्रकृति काद्यान्न, कशिश परवीन, अनुश्री उपाध्याय, साक्षी, इलमा, गायत्री शाह, खुशी, आंचल, वैष्णवी, तुलसी, साक्षी, मानसी नगर,टीम कोच – सौरभ तोमर, टीम मैनेजर– अमरीश चौधरी।

